वर्ष : 33 ▸ अंक : 190 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 26 सितंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# महाराष्ट्र का सत्ता संग्राम



अजित पवार का एलान

## 'भाजपा-शिवसेना के साथ लड़ेंगे चुनाव'

**अमित बृज । मुंबई**



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तरफ से तैयारियां जोर-शोर से जारी है। राज्य के दोनों प्रमुख गठबंधन अपने अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इन सब के बीच महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी अपने सहयोगी दलों भाजपा और शिवसेना के साथ लड़ेगी। अजित पवार ने कहा, हम महायुति को फिर से सत्ता में लाने के लिए लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वह महाराष्ट्र के विकास के लिए काम करना चाहते हैं।

### गठबंधन से अलग होने का सवाल ही नहीं : पवार

इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होने का सवाल ही नहीं उठता। एक कार्यक्रम में बोलते हुए एनसीपी प्रमुख ने लोकसभा चुनाव में बारामती में अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को अपनी चचेरी बहन और एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के खिलाफ खड़ा करने के अपने फैसले पर भी खेद जताया। वहीं ये पूछे जाने पर कि क्या उन्हें शरद पवार के खिलाफ बगावत करने का पछतावा है, डिप्टी सीएम ने इसे पुराना मामला बताया और जोर देकर कहा कि इसे फिर से उठाने की कोई जरूरत नहीं है।

### उनके सहयोगी उन्हें करना चाहते हैं बाहर- शिवसेना उद्धव गुट

वहीं महायुति सहयोगियों के साथ मिलकर राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने के अजित पवार के बयान के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने दावा किया है कि भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना उनकी पार्टी को सत्तारूढ़ गठबंधन से बाहर करने के लिए व्यवस्थित तरीके से काम कर रही है।

## उद्धव सीएम पद के लिए राज्य में सबसे स्वीकार्य चेहरा : आदित्य

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि उनके पिता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे वर्तमान में राज्य में 'सबसे स्वीकार्य चेहरा' हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि मुख्यमंत्री का पद पारंपरिक रूप से उस पार्टी को मिलता है जो गठबंधन में सबसे अधिक सीटें जीतती है, आदित्य ने एक कार्यक्रम में कहा कि उनके पिता 'महाराष्ट्र का नेतृत्व करने वाले सबसे अग्रणी नेताओं' में से एक थे।

### 'जनता बताएगी उनके साथ कौन खड़ा था'



जबकि यह पूछे जाने पर कि अगर कांग्रेस आगामी राज्य चुनावों में अधिक सीटें जीतती है तो शिवसेना (यूबीटी) क्या करेगी, इस पर आदित्य ठाकरे ने कोरोना महामारी के दौरान अपने पिता की सरकार की तरफ से किए गए कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि यह पिछले कुछ दशकों की सबसे अच्छी सरकारों में से एक थी। आदित्य ने कहा, अगर आप महाराष्ट्र के अंदरूनी इलाकों, महाराष्ट्र के खेतों में जाएं और (लोगों से पूछें) तो वे आपको बताएंगे कि उद्धव बालासाहेब ठाकरे एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जो हमारे सबसे कठिन समय में हमारे साथ खड़े रहे।

### 'हम भाजपा से राज्य को बचाने के लिए लड़ रहे हैं'

इस सवाल पर क्या वह उद्धव ठाकरे को गठबंधन के चेहरे के रूप में पेश करना चाहेंगे, इस पर आदित्य ने कहा, अगर आज कोई ऐसा व्यक्ति है जो एकीकृत तरीके से, सक्षम तरीके से राज्य का नेतृत्व कर सकता है, तो हां, उद्धव बालासाहेब ठाकरे उन अग्रणी लोगों में से एक हैं जो महाराष्ट्र का नेतृत्व कर सकते हैं क्योंकि हम ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो महाराष्ट्र के गौरव के बारे में बात करे। उन्होंने आगे कहा, एमवीए में हमारी स्पष्ट समझ है। हम पद के लिए नहीं लड़ रहे हैं। हम मुख्यमंत्री पद या स्वार्थी उद्देश्यों के लिए नहीं लड़ रहे हैं, यही वजह है कि भाजपा ने हमारे साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया। हम महाराष्ट्र के गौरव के लिए लड़ रहे हैं, जो भाजपा के कुशासन के कारण खो गया है। आदित्य ने कहा कि एमवीए, जो राज्य को भाजपा से बचाने' के लिए लड़ रही है, चुनावी लड़ाई जीतेगी।



## सीएम फेस को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बता दी दिल की बात

**मुंबई।** अगर विधानसभा चुनाव में महायुति जीती तो महाराष्ट्र का सीएम कौन होगा? इसके जवाब में शिंदे ने कहा कि मुझे क्या मिलेगा? इसकी चिंता नहीं है। हम टीम की तरह काम कर रहे हैं और करते रहेंगे। सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कि गठबंधन में कोई दिक्कत नहीं। मीडिया के एक कार्यक्रम में सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि असली का सर्टिफिकेट देने वाले उद्धव ठाकरे कौन होते हैं? लोकसभा चुनाव असली शिवसेना पर जनता की मुहर लग गई।

▸ पेज 3 भी देखें

## जाति जनगणना और आरक्षण को बड़ा मुद्दा बनाएगी कांग्रेस

**कोल्हापुर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव खत्म होते ही कांग्रेस महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार का बिगुल फूंक देगी। पांच अक्तूबर को जब हरियाणा में वोट डाले जाएंगे, ठीक उसी दिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र में संविधान सम्मेलन की शुरुआत करेंगे। कोल्हापुर में होने वाले इस सम्मेलन के जरिए पार्टी चुनाव में जातीय गणना के मुद्दे को और धार देने का प्रयास करेगी। राहुल गांधी कोल्हापुर में विभिन्न सामाजिक सगंठन के साथ चर्चा करते हुए आरक्षण के मुद्दे को उठाएंगे। कोल्हापुर का चयन पार्टी ने बहुत सोच समझकर किया है।

न्यूज़ ब्रीफ

### मुंबई और ठाणे में भारी बारिश, जनजीवन प्रभावित

**मुंबई।** मुंबई, ठाणे और पुणे में बुधवार से हो रही भारी बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मुंबई में भारी बारिश की वजह से अंधेरी सब-वे, मिलन सब-वे और मालाड सब-वे में जलभराव हो गया। इसी तरह पूर्व उपनगर में मुलुंड और भांडुप में पानी जमा हो गया। इससे शहर में कई जगह भयंकर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है। विद्या विहार और मुलुंड के बीच अप और डाउन लोकल लाइनों पर भारी बारिश और जलभराव के कारण लोकल ट्रेन की सर्विस को रोकना पड़ा। वहीं कुछ उड़ानों को डायवर्ट किया गया है।

▸ पेज 3 भी देखें

### आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत

**ठाणे।** ठाणे जिले में पिछले 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। बिजली गिरने की घटनाएं मंगलवार दोपहर मुरबाद तहसील के शिरगांव और कल्याण के निकट की हैं। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के अधिकारी ने बताया कि शिरगांव में एक घर पर आकाशीय बिजली गिरने से परशु पवार (42) की मौत हो गई वहीं कल्याण तहसील के कांबा में खदान में काम कर रहे एक पुरुष और एक महिला की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है।

### पंकजा मुंडे के करीबी सहयोगी ने पाला बदला

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में अभी काफी वक्त है, लेकिन नेताओं का दल बदलने का सिलसिला लगातार जारी है। एक और नेता ने पार्टी बदल लिया है। इस दलबदल से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और पंकजा मुंडे को झटका लगा है। पंकजा के लंबे समय से विश्वासपात्र माने जाने वाले राजाभाऊ फड ने बीजेपी का दामन छोड़कर बुधवार को पार्टी नेता शरद पवार की मौजूदगी में एनसीपी (NCP-SP) में शामिल हो गए। राजाभाऊ के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के बाद पार्टी प्रमुख शरद पवार ने अपने उन एनसीपी नेताओं पर अप्रत्यक्ष हमला भी किया, जिन्होंने अलग होकर सत्तारूढ़ बीजेपी और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) से हाथ मिला लिया।

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 92,800 |
| सोना स्टैंडर्ड | 77,440 |

**मौसम**

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 29.0-26.0 | 89% |

सूर्यास्त गुरुवार 06:32 बजे
सूर्योदय शुक्रवार 06:28 बजे

बदलापुर एनकाउंटर मामला

## कोर्ट ने लगाई पुलिस को फटकार

- बॉम्बे हाई कोर्ट को पुलिस पर संदेह
- कोर्ट ने कहा- 'यकीन करना मुश्किल कि यह एनकाउंटर था'



**धीरज सिंह । मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र पुलिस को अक्षय शिंदे की हिरासत में हुई मौत के मामले में कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने इस घटना में गड़बड़ी की संभावना जताई और निष्पक्ष जांच की मांग की। अक्षय शिंदे, जो बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी था, की मौत को लेकर कोर्ट ने कहा कि इसे मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता।

### यकीन करना मुश्किल कि एनकाउंटर था

कोर्ट ने पुलिस की ओर से दी गई जानकारी को लेकर सवाल उठाए और कहा कि यह घटना मुठभेड़ नहीं लगती। न्यायालय ने कहा, 'जिस समय उसने पहली गोली चलाई, बाकी पुलिसकर्मी उसे आसानी से काबू कर सकते थे। वह न तो वह भारी भरकम शरीर वाला व्यक्ति था और न ही बहुत ताकतवर। यह यकीन करना मुश्किल है कि यह मुठभेड़ थी।'

### पुलिस के कामकाज पर उठे सवाल

अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के बाद पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने इसे एक मुठभेड़ के रूप में पेश किया था, लेकिन हाई कोर्ट ने उनके दावों पर संदेह जताते हुए कहा कि इस पूरी घटना की गहराई से जांच की जानी चाहिए। हाई कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद महाराष्ट्र पुलिस पर दबाव बढ़ गया है। अब सभी की नजरें इस मामले की जांच पर टिकी हैं, क्योंकि कोर्ट ने मामले में निष्पक्षता और पारदर्शिता की मांग की है।

### पुलिस का दावा, फर्जी एनकाउंटर का आरोप

पुलिस का दावा है कि अक्षय शिंदे ने पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीनकर फायरिंग की, जिसमें एक इंस्पेक्टर घायल हो गया। इसके जवाब में पुलिस ने शिंदे पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गई। शिंदे के पिता ने इस घटना को फर्जी एनकाउंटर करार दिया है और इस पर एसआईटी जांच की मांग की है।कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच पर जोर दिया। अदालत ने साफ तौर पर कहा कि इस घटना में फाउल प्ले होने की संभावना दिख रही है और जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### कोर्ट का सवाल : गोली क्यों मारी गई?

बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाए। कोर्ट ने पूछा कि जब आरोपी से पिस्तौल छीन ली गई थी, तो उसे पैर में गोली क्यों नहीं मारी गई? पुलिस का जवाब था कि समय की कमी के कारण निर्णय तुरंत लेना पड़ा। कोर्ट ने घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज को भी देखने की बात कही है। राज्य सरकार के वकील ने कहा कि सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और इस पर कोर्ट को सूचना दी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि जांच निष्पक्ष होनी चाहिए, और अगर कोई अनियमितता पाई गई तो सख्त आदेश पारित किए जाएंगे।

### एनकाउंटर पर राजनीतिक विवाद और पोस्टर वार शुरू




अक्षय शिंदे की मौत ने महाराष्ट्र में राजनीतिक विवाद को और हवा दी है। शिवसेना और बीजेपी के बीच पोस्टर युद्ध छिड़ गया है। बीजेपी की ओर से पोस्टर लगाए गए, जिनमें 'बदला पूरा' जैसे नारे लिखे गए हैं। विपक्षी नेताओं ने इसे लेकर सवाल उठाए हैं और पुलिस की कार्रवाई पर संदेह जताया है। शिवसेना (UBT) नेता संजय राउत और एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने भी इस घटना पर सवाल उठाए हैं। सुले ने पूछा कि हाथकड़ी में बंधे व्यक्ति ने पुलिसकर्मी की पिस्तौल कैसे छीन ली? विपक्ष इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है, ताकि सच सामने आ सके।

## जरांगे ने खत्म किया अनशन

### नौ दिन से कर रहे थे प्रदर्शन

**नितिन तोरस्कर । मुंबई**

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अपना अनशन समाप्त कर दिया है। वे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत अपने समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर नौ दिन से आंदोलन कर रहे थे। इससे पहले मंगलवार को मनोज जरांगे की तबीयत बिगड़ गई थी।



### बीते दिन कुछ भी खाने-पीने से इनकार कर दिया था

जालना के अंतरवाली सरती गांव में विरोध स्थल पर एकत्रित मराठा समुदाय के सदस्यों की अपील के बावजूद जरांगे ने तरल पदार्थ या दवा लेने से इनकार कर दिया था। जरांगे ने 17 सितंबर को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी। एक साल से अधिक समय में यह उनकी छठी भूख हड़ताल है।

### मराठा समुदाय की भावनाओं को ध्यान में रखकर लिया फैसला

अनशन खत्म करने का एलान करते हुए जरांगे ने जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने मराठा समुदाय की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया है। हम उन लोगों से निपटेंगे, जिन्होंने मराठा समुदाय को ठेस पहुंचाई है।

### सरकार ने क्या किया?

इस साल फरवरी में महाराष्ट्र विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया था, जिसमें मराठा समुदाय को शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एक अलग श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया था। लेकिन, जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत समुदाय को आरक्षण देने की अपनी मांग पर अड़े हुए हैं।

## पीएम मोदी का 'महा' दौरा

▸▸ पुणे में मेट्रो ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

### 22 हजार 600 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण

**दीपक पवार । पुणे/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को पुणे में मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, जिला न्यायालय से स्वर्गेट तक पुणे मेट्रो खंड का उद्घाटन पुणे मेट्रो रेल परियोजना (चरण-1) के पूरा होने का प्रतीक होगा। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मेट्रो खंड के उद्घाटन के साथ ही पुणे मेट्रो रेल परियोजना



का पहला चरण पूरा हो जाएगा। जिला अदालत से स्वारगेट के बीच भूमिगत खंड की लागत लगभग 1,810 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री लगभग 2,950 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाले पुणे मेट्रो चरण -1 के स्वारगेट-कटराज एक्सटेंशन की आधारशिला भी रखेंगे। जिला न्यायालय से स्वर्गेट के बीच भूमिगत खंड की लागत लगभग 1,810 करोड़ रुपए है, ऐसा बताया गया है। प्रधानमंत्री 22,600 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। वह प्रसिद्ध समाज सुधारक क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की स्मृति में भिड़ेवाड़ा में उनके पहले बालिका विद्यालय के स्मारक की आधारशिला रखेंगे।

**CDSCO रिपोर्ट** ▸ बैन की गई दवाओं की लिस्ट में दौरे और एंग्जाइटी में इस्तेमाल की जाने वाली क्लोनाजेपाम टैबलेट भी शामिल

## पैरासिटामॉल सहित 53 दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आमतौर पर बुखार में खाई जाने वाली पैरासिटामोल टैबलेट गुणवत्ता परीक्षण में फेल हो गई है। इसके अलावा कैल्शियम और विटामिन डी-3 की सप्लीमेंट, मधुमेह की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर की दवाओं सहित 50 से अधिक दवाएं औषधि नियामक द्वारा किए गए गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाई गई हैं। गुणवत्ता परीक्षण में फेल हुई दवाओं की लिस्ट इंडियन ड्रग्स रेग्युलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (CDSCO) ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की है।



### ये दवाएं टेस्ट में हुई फेल

इंडियन ड्रग्स रेग्युलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन हर महीने दवाईयों की जांच के लिए कुछ दवाओं को चुनता है। फिर उनकी जांच की जाती है। इस बार सरकारी संस्था ने विटामिन सी और डी3 की टैबलेट्स शेल्कल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी सॉफ्टजेल, एंटीएसिड पैन-डी, पैरासिटामोल आईपी 500 एमजी, डायबिटीज की दवा ग्लिमेपिराइड, हाई ब्लड प्रेशर की दवा टेल्मिसर्टन जैसी दवाई का टेस्ट किया था। जो क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गईं। ये दवाएं हेटेरो ड्रग्स, एल्केम लैबोरेटरीज, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एचएएल), कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, मेग लाइफसाइंसेज, प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर कई दिग्गज दवा निर्माता कंपनियों द्वारा बनाई गई थीं।

**पेट संक्रमण में खाई जाने वाली ये दवाई भी हुई फेल :** पेट के संक्रमण के इलाज के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली दवा मेट्रोनिडाजोल, जिसे पीएसयू हिंदुस्तान एंटीबायोटिक लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित किया जाता है, उन दवाओं में से एक है जो गुणवत्ता परीक्षण में विफल रही है। टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स द्वारा वितरित और उत्तराखंड स्थित प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर द्वारा निर्मित विटामिन सी और डी3 की टैबलेट्स शेल्कल भी परीक्षण में पास नहीं हुई। कोलकाता की कोलकाता औषधि परीक्षण प्रयोगशाला ने एल्केम हेल्थ साइंस की एंटीबायोटिक्स क्लैवम 625 और पैन डी को नकली माना गया है।



### बच्चों को दी जाने वाली ये दवा भी हुई फेल

इसी प्रयोगशाला ने हैदराबाद स्थित हेटेरो के सेपोडेम एक्सपी 50 ड्राई सस्पेंशन घटिया गुणवत्ता का करार दिया है। ये दवा बैक्टीरियल संक्रमण में बच्चों को दी जाती है। कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की पैरासिटामोल गोलियों को भी गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के लिए चिह्नित किया गया है।

# 'मराठा समाज को आरक्षण देने का प्रयास कर रही है महाराष्ट्र सरकार'

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार मराठा समुदाय के विकास के लिए काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि मराठा समाज को इस तरह से आरक्षण दिया जाए, जो कोर्ट में टिक सके। इसके अलावा अन्य योजनाओं के माध्यम से मराठा समाज को विकास की मुख्य धारा में लाया जा रहा है।

देवेंद्र फडणवीस बुधवार को नवी मुंबई में वरिष्ठ श्रमिक नेता अन्नासाहेब पाटिल की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। फडणवीस ने कहा कि दिवंगत विधायक, माथाडी श्रमिक नेता अन्नासाहेब पाटिल की आज जयंती है। इस मौके पर नवी मुंबई के प्याज-आलू मार्केट में एक सभा का आयोजन किया गया है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'मराठा समुदाय के युवाओं को उद्यमिता की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए। आर्थिक विकास निगम के माध्यम से नरेंद्र पाटिल ने आज जो काम किया है, वह देश के किसी भी वित्तीय निगम ने नहीं किया है। एक लाख मराठा युवाओं को उद्यमी बनाने का रिकॉर्ड काम नरेंद्र पाटिल ने किया है, आज यह संख्या बढ़ रही है।'



## 'मराठा समाज को उनका अधिकार मिलेगा'

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मराठा समाज को निराश नहीं होना चाहिए. मराठा समाज को उनका अधिकार मिलेगा। लेकिन क्या आरक्षण की विभिन्न मांगें अदालत में टिक सकेंगी? यह देखो। मांगें तभी स्वीकार्य होती हैं जब वे कानून के दायरे में फिट बैठती हों। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 10 प्रतिशत मराठा आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा, ईडब्ल्यूएस आरक्षण से मराठा आरक्षण को फायदा हो रहा है।

# स्वरा भास्कर के पति फहद अहमद लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

## मुंबई के अणुशक्ति नगर से बनेंगे सपा कैंडिडेट

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

एक्ट्रेस स्वरा भास्कर के पति फहद जिरार अहमद भी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि समाजवादी पार्टी ने महाविकास अघाड़ी से फहद अहमद के लिए अणुशक्ति नगर विधानसभा सीट की मांग रखी है। 2019 के विधानसभा चुनाव में अजित पवार की एनसीपी के बड़े नेता नवाब मलिक ने जीत हासिल की थी। छात्र नेता रहे फहद अहमद ने 2022 में समाजवादी पार्टी जॉइन की थी। वह फिलहाल समाजवादी पार्टी के युवा क्षेत्रीय अध्यक्ष हैं। अगर एमवीए यह सीट सपा को देती है तो फहद का मुकाबला नवाब मलिक की बेटी सना मलिक से हो सकता है।



### मुंबई में नया नेतृत्व खड़ा करना चाहती है सपा

महाविकास अघाड़ी (एमवीए) आने वाले विधानसभा चुनाव में अणुशक्ति नगर से नवाब मलिक के खिलाफ मजबूत कैंडिडेट उतारने की तैयारी कर रही है। गठबंधन ने अपने सहयोगियों के लिए चार सीटें छोड़ रखी हैं। समाजवादी पार्टी ने स्वरा भास्कर के पति फहद अहमद के लिए यह सीट मांगी है। माना जा रहा है कि अबू आजमी से खटपट के बीच समाजवादी पार्टी फहद अहमद के तौर पर युवा नेतृत्व को खड़ा करना चाहती है।

### 1995 से अबू आजमी संभाल रहे हैं सपा की कमान



1995 से ही अबू आजमी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव लड़ती रही है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान अबू आजमी ने नॉर्थ-ईस्ट मुंबई सीट से दावेदारी की थी, मगर उन्हें टिकट नहीं मिला। इसके बाद से आजमी ने खुले तौर पर नाराजगी जाहिर की, हालांकि उन्होंने सपा से छोड़ने से इनकार किया था। वह पिछले तीन चुनावों में लगातार मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट से जीतते रहे। अबू आजमी प्रवासी मुस्लिम के बीच काफी लोकप्रिय रहे हैं।

### ...तो फहद के मुकाबले में हो सकती हैं सना मलिक

महायुति में सीटों के बंटवारे के लिए 'जिसका विधायक, उसकी सीट' फॉर्मूला बनाया है। इस फॉर्मूले के हिसाब से यह सीट अजित पवार की एनसीपी के खाते में जाएगी। मगर चर्चा है कि ईडी की कार्रवाई के कारण नवाब मलिक के टिकट पर खतरा मंडरा रहा है। 2022 में दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े होने के आरोप में ईडी ने नवाब मलिक के खिलाफ कार्रवाई की थी। मलिक को 17 महीने तक जेल में रहना पड़ा था। अगस्त में अजित पवार ने एक कार्यक्रम में उनकी बेटी सना मलिक को प्रवक्ता बना दिया था। सना मलिक एक आर्किटेक्चरल फर्म का संचालन भी करती हैं।

**बदलापुर एनकाउंटर**

# दफनाया जाएगा अक्षय शिंदे का शव

**दोपहर संवाददाता | बदलापुर**



बदलापुर एनकाउंटर में मारे गए अक्षय शिंदे के शव को दफनाए जाने का निर्णय उसके पिता अन्ना शिंदे ने लिया है। बाम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को पुलिस को अक्षय शिंदे का अंतिम संस्कार करवाने में मदद करने का आदेश दिया है। अक्षय के परिवार ने उसके शव का अंतिम संस्कार करने के लिए जगह नहीं मिलने की शिकायत कोर्ट में की थी। इस पर सरकारी वकील ने उनसे कहा कि सरकार उन्हें जगह मुहैया कराएगी। हम नगर निगम प्रशासन से चर्चा करेंगे और अक्षय शिंदे के अंतिम संस्कार के लिए जगह उपलब्ध कराएंगे।

### अंतिम संस्कार करने के लिए जगह नहीं मिलने की शिकायत

अन्ना शिंदे के वकील अमित कटारनवारे ने बुधवार को हाई कोर्ट को बताया था कि मृत अक्षय शिंदे के शव का अंतिम संस्कार करने का विरोध किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि पुलिस इस संबंध में अक्षय के पिता की मदद करें और अंतिम संस्कार के लिए श्मशान में जगह उपलब्ध करवाएं। अन्ना शिंदे के वकील अमित कटारनवारे ने कहा कि सबूतों को नष्ट होने से रोकने के लिए अक्षय शिंदे के शव को दफनाने का फैसला लिया गया है। भविष्य में अगर कोई सबूत मिला तो उसके शव को दोबारा कब्र से निकाला जाएगा।


## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

### जाहिर सर्व साधारण निविदा सुचना क्र. १४, सन २०२४-२५

उल्हासनगर महानगरपालिका खालील नमूद कामांकरीता योग्य त्या वर्गात नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून जाहिर सर्व साधारण निविदा बी-१ नमून्यात मागवीत आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम | अनामत रक्कम | कोऱ्या निविदा प्रतीची किंमत (१८% GST सह) | कामाची कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | उल्हासनगर ५ मधील पॅ.क्र. १७, येथील नादरे भाई साबरे हाऊस ते अरुण पाटोरे शॉप ते अनिल गराडे हाऊस व परिसरात १०० मी.मी. व्यासाची नविन जी. आय जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,८९,०६३/- | रु. ५८९१/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| २ | उल्हासनगर ३ मधील पॅ. क्र. ४ येथील अभिषेक गुप्ता यांच्या घरापासुन ते संजय गुप्ता यांच्या घरापर्यंत व परिसरात ८०/१०० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय, जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,९२,०३५/- | रु. ५९२०/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ३ | उल्हासनगर १ मधील पॅ. क्र. ३ येथील कोणार्क इमारतीच्या मागील बाजु ते खन्ना गॅरेज व परिसरात ५०/८०/१०० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय. जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,८५,०९३/- | रु. ५८५१/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ४ | उल्हासनगर ५ मधील खडीमशीन जलकुंभाची साफसफाई करणे व गळती बंद करणे. | रु. ५,८७,३३५/- | रु. ५८७३/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ५ | उल्हासनगर ५ मधील प्रभाग क्र. १७ अंतर्गत पटेल नगर जलकुंभ, शांती प्रकाश आश्रम परिसरामध्ये १५० मी. मी. व्यासाची डी. आय. के ७ दाबवाहिनी टाकणे. | रु. ४,२३,२४३/- | रु. ४२३२/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ६ | उल्हासनगर ५ हरीओम नगर, गोल्डन नगर, प्रभु आस्ता इमारत, प्रेमनगर टेकडी, बुध्दविहाराजवळ नुतन नगर, लाईट ऑफीस येथील परिसरामध्ये १००/१५० मी. मी. व्यासाची डी. आय. के. ७ दाबवाहिनी दुरुस्ती करणे, व ५० मी. मी. व्यासाची जी. आय. जलवाहिनी दुरुस्ती करणे. | रु. २,५३,७७४/- | रु. २५३८/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ७ | उल्हासनगर २ मधील पॅनल क्र. ६ येथील बॅ. क्र. ५५६, विक्की मनोज अपार्टमेंट मागे व परिसरात ८० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय, जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,९२,०२३/- | रु. ५९२०/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ८ | उल्हासनगर २ मधील पॅनल क्र. ६ येथील करण पॅलेस जवळ, जग्गु हातगाडीवाला शॉप व परिसरात ८० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय. जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,९०,८२५/- | रु. ५९०८/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ९ | उल्हासनगर १ मधील पॅनल क्र. ३ येथे व्ही. पी. नाईक रोड, दिल्ली दरबार हॉटेल पासुन ते रामसागर यादव यांचे घरापर्यंत व परिसरात नविन ५० मी. मी. व्यासाची जलवाहिनी टाकणे. | रु. २,५०,५१३/- | रु. २५०५/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| १० | उल्हासनगर १ मधील पॅनल क्र. ३ येथील महात्मा गांधी नगर, दुनिचंद कालानी कॉलेज समोर, व परिसरात ५०/८० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय. जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,९१,३०८/- | रु. ५९१३/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ११ | उल्हासनगर १ मधील पॅनल क्र. ३ येथील शहाड स्टेशन रोड, राजीव गांधीनगर, कोणार्क रेसिडेंसी व परिसरात ८० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय. जलवाहिनी टाकणे. | रु. ३,३५,१०३/- | रु. ३३५१/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| १२ | उल्हासनगर ३ मधील साई गंगा अपार्टमेंट, नवजीवन बँके जवळ, न्यु ईरा शाळा, सपना गार्डन रोड, सेंट्रल हॉस्पीटल रोड, मायखुशी शॉप, सेवासदन कॉलेज जवळ व परिसरात जीर्ण जलवाहिनी बदलुन नविन ८०/१००/१५० मी.मी. व्यासाची जलवाहिनी टाकणे. | रु. २,५२,४७८/- | रु. २५२५/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| १३ | उल्हासनगर १ मधील सागर स्पार्क शुज शॉप ते लक्ष्मी टेलीकॉम दुकाना पर्यंत व परिसरात ८०/१००/१५० मी.मी. व्यासाची नविन जी. आय जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,९१,४१३/- | रु. ५९१४/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| १४ | उल्हासनगर १ मधील दिलिप सेवकरामाणी ते ग्यान राशन दुकान पर्यंत व परिसरात ८०/१००/१५० मी.मी. व्यासाची नविन जी. आय जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,८९,५०९/- | रु. ५८९५/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| १५ | उल्हासनगर मधील अर्जुन चायनिस कॉरनगर ते फिजोथेरेपी क्लिनिक व परिसरात ८०/१००/१५० मी.मी व्यासाची नविन जी. आय जलवाहिनी टाकणे. | रु. ४,७३,१९२/- | रु. ४७३२/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |

**अटी व शर्ती:-**

१) या कामी निविदा प्रपत्र रोख रक्कम भरणा करून दिनांक २६/०९/२०२४ पासून दिनांक ०१/१०/२०२४ पर्यंत दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध होतील.
२) सीलबंद निविदा दिनांक ०३/१०/२०२४ रोजी दुपारी ०३.०० वाजेपर्यंत उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या पाणी पुरवठा विभागात स्वीकारण्यात येतील.
३) मुदतीत प्राप्त झालेल्या निविदा दिनांक ०३/१०/२०२४ रोजी दु. ०३.०० नंतर शक्य झाल्यास अथवा इतर सोयीच्या दिवशी उपस्थित निविदाधारक किंवा त्यांचे प्रतिनिधी समक्ष उघडण्यात येतील.
४) अटी व शर्ती युक्त निविदाचा विचार केला जाणार नाही.
५) कामांची देयके निधी उपलब्धतेनुसार अदा करण्यात येतील.
६) प्रत्यक्ष कामांची ठिकाणे पाहून निविदा भराव्यात.
७) प्राप्त निविदेतील १ अथवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता मंजूर अथवा नामंजूर करण्याचा हक्क उल्हासनगर महानगरपालिकेने राखून ठेवला आहे.
८) २% सुरक्षा अनामत रक्कम देयकातून वजा करण्यात येईल.
९) सदरच्या अंदाजपत्रकीय रक्कमेमध्ये GST पकडण्यात आलेली नाही.
१०) देयकास लागणारी GST रक्कम स्वतंत्रपणे देण्यात येईल.
११) निविदा अंतिमतः स्विकारणे / नाकारणेचे अधिकार मा. आयुक्तांचे राहतील.

सही/-
(किशोर गवस)
अतिरिक्त आयुक्त (०२)
उल्हासनगर महानगरपालिका

जाक्र उमपा/पीआरओ/३६२/२०२४
दिनांक: २५/०९/२०२४


## धर्म विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और निशाना बनाने की कोशिश

# दो जगहों पर लगाया गया आपत्तिजनक बैनर

## पुलिस ने दर्ज किया मामला

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के दो पुलिस स्टेशन अंतर्गत पिंपलघर गांव के मुख्य द्वार कमानी पर और पिंपलास के वेहेले गांव में एक धर्म विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश से बैनर लगाए जाने पर कोनगांव और नारपोली पुलिस ने अज्ञात सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है।




### वेहले गांव में लगाया गया दूसरा बैनर

इसी तरह भिवंडी तालुका के वेहले गांव में, एक अज्ञात व्यक्ति ने गांव के सामने एक बिजली के खंभे पर मुसलमानों की भावनाओं को आहत करने वाला टाइप किया हुआ एक बैनर पोस्ट किया है। नारपोली पुलिस स्टेशन के पुलिस हवलदार गोरखनाथ मारुति काले की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में अज्ञात सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 299,223 व संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1995 की कलम 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच पुलिस निरीक्षक (प्रशासन) प्रमोद कुम्हार द्वारा की जा रही है।

### पिंपलघर गांव में लगाया गया पहला बैनर

पुलिस के अनुसार, पिंपलघर गांव के कमानी पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुस्लिमों समाज को निशाना बनाने के उद्देश्य से बैनर लगाया गया है। जिस पर लिखा है कि मुस्लिम रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुस्लिम देशद्रोही आतंकवादी फेरीवालों को पिंपलघर गांव में प्रवेश बंदी। उक्त बैनर पर छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा अफजल खान को मारते हुए चित्र भी बनाया गया है। इस मामले में कोनगांव पुलिस स्टेशन ने पुलिस हवलदार सरस हनुमान पाटील की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 223 व संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1995 की कलम 3 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# कल्याण में युवक की हत्या

**दोपहर संवाददाता | कल्याण**

कल्याण शहर के नांदिवली में स्थित लक्ष्मीनगर में पूर्व वैमनस्य की वजह से युवक की जघन्य हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में फरार दो आरोपितों को सरगर्मी से तलाश कर रही है।




### दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम को पुराने विवाद को निपटाने के उद्देश्य से अयूब शेख नामक युवक को कल्याण पूर्व के नंदीवली इलाके के लक्ष्मीनगर में बुलाया गया था लेकिन इनमें विवाद बढ़ने पर चार युवकों ने अयूब शेख की चॉपर से हत्या कर दी और फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और अयूब का शव बरामद कर केडीएमसी के रुक्मिणीबाई अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने बीती रात इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। बुधवार को तडके पुलिस ने सुजल जाधव और भावेश शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस दिनेश लंका और अजीत खाड़े की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में मजनू पहुंचा जेल

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

तालुका अंतर्गत भिवंडी कल्याण रोड पर गोवे नाका इलाके में रहने वाली एक नाबालिग लड़की को उसका परिचित तीन साल से पीछा कर रहा था और पीड़िता के मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो भेजकर लड़की और उसकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता की शिकायत पर युवक के खिलाफ पॉस्को के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कोनगांव पुलिस ने उल्लासनगर निवासी विनायक सुदाम अहिरे, 21 को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।



**पॉस्को के तहत मामला दर्ज युवक गिरफ्तार**

### मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो भेजने का आरोप

पुलिस की जानकारी के मुताबिक आरोपी विनायक अहिरे पिछले तीन साल से पीड़ित लड़की का समय-समय पर पीछा कर उसकी मर्जी के खिलाफ उसके करीब आने की कोशिश कर रहा था। उसने पीड़िता के मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो भेजकर उसकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी। इस मामले में पीड़िता कोनगांव पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी विनायक अहिरे को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नेताराम मस्के मामले की आगे की जांच कर रहे हैं।

## 28 सितंबर को कोरम मॉल में ठाणे मनपा का स्वच्छता उत्सव

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे में हर साल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक हर जगह 'स्वच्छता धारवाड़' मनाया जाता है। इस वार भी पखवाड़े के दौरान नगर निगमों की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 'स्वच्छता उत्सव ही सेवा 2024' का आयोजन किया गया है। इसी के अनुरूप, 'स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता' की अवधारणा को लेकर ठाणे नगर निगम और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से 28 सितंबर को शाम 4 से 9.30 बजे तक कोरम मॉल ठाणे में 'उत्सव स्वच्छता' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने ठाणे के लोगों से इस गतिविधि में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# आज बंद रहेंगे स्कूल




**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में बुधवार को भारी बारिश से कई जगह जलजमाव हो गया। इसके अलावा मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। इसी को देखते हुए बीएमसी ने गुरुवार (26 सितंबर) को स्कूलों की छुट्टी का ऐलान किया है। इससे पहले बुधवार (25) सितंबर को मुंबई के पवाई में रात 9 बजे तक सबसे ज़्यादा बारिश 257.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। मानखुर्द में 239 मिलीमीटर पर रिकॉर्ड की गई है। मुंबई के बाकि हिस्सों में भी भरी बरसिह रेकरफ की गई है। विखरोली, जोगेश्वरी, अंधेरी में भी भारी बारिश रिकॉर्ड की गई।

# ज्युतिया माता पूजा संम्पन्न

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के करीब गणेशघाट पर अपने बच्चों के लंबी उम्र की कामना को लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूरे दिन निर्जल व्रत रखकर ज्युतिया माता (महालक्ष्मी) की पूजा अर्चना की। बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति से गणेश घाट धार्मिक पर वातवारण में बदल गया।



### वर्षों से मुस्लिम समाज ज्युतिया व्रतियों की करता है सेवा

गौरतलब हो कि हर वर्ष इस कार्यक्रम का वरिष्ठ समाजसेवक जमील खान, पूर्व नगरसेविका इशरत खान, समाजसेवक फिरोज खान व अन्य मुस्लिम समाज के लोग विधिपूर्वक पूजा में शामिल होते हैं और आने वाले ज्युतिया व्रतियों की सेवा कर महालक्ष्मी पूजा का प्रसाद वितरण व ग्रहण करते हैं।

दो बजे दोपहर पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** सबसे बड़े विचार सबसे सरल होते हैं : सर विलियम गेराल्ड गोल्डिंग

# जाते-जाते कहर बरपा रहा मानसून

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई। महाराष्ट्र में जाते-जाते मानसून ने एक बार फिर झटका दिया है. पुणे, मुंबई समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश शुरू हो गई है. बारिश की वापसी से कई शहरों में पानी भर गया है. पुणे में गरज और बिजली के साथ भारी बारिश हो रही है. इससे निचले इलाकों में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है. इसके चलते जाम लग गया है. मुंबई में भारी बारिश के कारण कई जगहों पर पानी जमना शुरू हो गया है. इस बारिश से यात्रियों को भी परेशानी हो रही है. दिल्ली से मुंबई आने वाली दो उड़ानों को हैदराबाद डायवर्ट कर दिया गया है. वहीं लोकल ट्रेनों में भी खचाखच भीड़ है. अभी अगले दो दिनों तक महाराष्ट्र के कई इलाकों में बारिश की संभावना IMD ने जताई है. प्रादेशिक मौसम विभाग ने 26 सितंबर के लिए पालघर और नासिक के लिए रेड अलर्ट और ठाणे, रायगढ़ और पुणे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने इससे पहले मुंबई के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया था लेकिन बाद में रेड अलर्ट की चेतावनी को गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक के लिए बढ़ा दिया है।

### भारी बारिश से मुंबई बेहाल, कई फ्लाइट हुईं डायवर्ट



### बारिश का कारण

IMD के अधिकारियों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है, जिसके कारण महाराष्ट्र में नमी बढ़ी और मानसून का असर तेज हुआ। इसके साथ ही, उत्तरी महाराष्ट्र में मानसून के प्रभाव में बढ़ोतरी होने से राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश देखी जा रही है।

**▶▶ आईएमडी का पालघर और नासिक के लिए रेड अलर्ट**
**▶▶ मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पुणे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी**

### मुंबई में कैसा रहेगा तापमान ?

मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को मुंबई में अधिकतम तापमान 27.33 और न्यूनतम तापमान 25.34 डिग्री सेल्सियस तापमान रहेगा और दिनभर हल्की से मध्यम बारिश होगी। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.91 और न्यूनतम तापमान 25.94, शनिवार को अधिकतम तापमान 28.29 और न्यूनतम तापमान 27.23, रविवार को अधिकतम तापमान 28.09 और न्यूनतम तापमान 27.21, वहीं सोमवार 30 सितंबर को अधिकतम तापमान 28.95 और न्यूनतम तापमान 27.58 डिग्री सेल्सियस रह सकता है इस दिन भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। यानि अब इस पूरे महीने मुंबई में बारिश होने वाली है। मंगलवार दोपहर के एक आंकड़े के अनुसार मुंबई और सांताक्रूज में 265 मिमी बारिश हो चुकी है। जो समान्य मासिक बारिश 341.4 मिमी से कम है।

# MVA सरकार में बंद नहीं होगी लाडकी बहिन योजना: पृथ्वीराज चव्हाण


**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि यदि विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (MVA) आगामी महाराष्ट्र चुनाव में सत्ता में आता है तो वह महिलाओं की 'लाडकी बहिन योजना' को अधिकार आधारित कार्यक्रम में बदल देगा। वे बुधवार को एक निजी कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे। इस दौरान MVA के सीएम फेस के सवाल पर उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी पार्टी को ही मुख्यमंत्री पद मिलता है और इसी परंपरा को अब तक निभाया जा रहा है।

एक निजी चैनल के कार्यक्रम में चव्हाण ने कहा कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए MVA के अन्य घटक दलों से सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की, इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस (गठबंधन में) अधिकतम सीटों की हकदार है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि अगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गठबंधन को ही जीत मिलेगी।

### योजना को बनाएंगे अधिकार आधारित

कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि हर एक चुनाव अलग होता है और राजनीतिक पार्टियों में ओवर कॉन्फिडेंश नहीं होना चाहिए। इस दौरान जब चव्हाण से पूछा गया कि वर्तमान महायुति सरकार की महत्वकांक्षी 'लाडकी बहिन योजना' को क्या MVA सत्ता में आने पर रद्द कर देगा? तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को हर तरह से सशक्त करना चाहती है। ऐसे में कांग्रेस क्यों इसे महाराष्ट्र में लागू नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ''बिना वेतन अगली पीढ़ी का पालन पोषण कर रही महिलाओं का यह अधिकार है। हम लाडकी बहिन योजना को महाराष्ट्र में अधिकार आधारित कार्यक्रम बनाएंगे।''



### इंडिया गठबंधन को बताया मास्टरस्ट्रोक

बता दें कि लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के लिए प्रति माह एक निश्चिक रकम दी जाती है। पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना राज्य में भी यह योजना लागू कर दी गई है और इसके तहत महिलाओं को दो हजार रुपए प्रति माह मिल रहे हैं। इंडिया' का गठबंधन को लेकर पूछे गए एक सवाल में उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को टक्कर देने के लिए विपक्षी दलों ने 'इंडिया' गठबंधन बना कर'मास्टरस्ट्रोक' खेला था। उन्होंने कहा, '' भले ही यह सटीक गठबंधन नहीं लेकिन इससे चुनाव में विरोधी मतों को बंटने से रोकना संभव हुआ।''

### 'एमवीएम में एक नेता हो इसकी जरूरत नहीं'

वहीं, MVA के मुख्यमंत्री के चेहरे के सवाल पर चव्हाण ने कहा कि सबसे बड़े दल को ही मुख्यमंत्री का पद मिलता है और इस परंपरा को अब तक निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''इस परंपरा से परे जाकर यदि फैसला लेने की जरूरत पड़ी तो ये फैसला कांग्रेस नेतृत्व लेगा। एमवीएम में एक नेता हो इसकी जरूरत नहीं। हमारे पास साझा घोषणा पत्र होगा। कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा सीटों की हकदार है। हम गठबंधन में कनिष्ठ हिस्सेदार के तौर पर शामिल हुए लेकिन लोकसभा चुनाव में हमें ज्यादा सीटें मिलीं।''

# 'पार्टी में शामिल होने जा रही एक बड़ी मछली'

**एनसीपी के राज्य प्रमुख जयंत पाटिल का बड़ा दावा**

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र में जल्द ही विधानसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों ने बिसात बिछानी शुरू कर दी है। इसी बीच दल-बदल का खेल भी शुरू हो गया है। बुधवार को एनसीपी (एसपी) ने दावा किया कि दूसरी पार्टी का एक बड़ा नेता उनकी पार्टी में शामिल होने का विचार कर रहा है। इसके साथ ही पार्टी ने कहा कि वह महाराष्ट्र में अपने सहयोगी कांग्रेस व शिवसेना (यूबीटी) के साथ मिलकर सत्ताधारी महायुति को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### नहीं किया नाम का खुलासा

एनसीपी के राज्य प्रमुख जयंत पाटिल ने नासिक में दावा किया कि एक अन्य दल का बड़ा नेता उनकी पार्टी में शामिल होने का विचार कर रहा है, हालांकि उन्होंने उस नेता के नाम का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि नाम का खुलासा सही वक्त पर किया जाएगा।

### एकनाथ खडसे का नाम सबसे ऊपर

जिन नेताओं के नामों पर चर्चा हो रही है उनमें से एक नाम एकनाथ खडसे का भी है जिन्होंने हाल ही में कहा था कि वह पार्टी के कुछ नेताओं के विरोध को कारण दोबारा बीजेपी में शामिल नहीं होंगे। बता दें कि बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस और गिरीश महाजन से मतभेदों के चलते खडसे ने दो साल पहले बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था और विभाजन से पहले वाली एनसीपी में शामिल होने की इच्छा जताई थी। विधानसभा चुनाव से पहले एनसीपी (एसपी) के हौसले काफी बुलंद दिखाई दे रहे हैं क्योंकि कई नेता अब तक पार्टी में शामिल होने की इच्छा जता चुके हैं।

# 'मांग लेता तो सब दे देती, NCP तोड़ने की जरूरत नहीं थी'


**अजित के दिए जख्म पर छलका सुप्रिया का दर्द**

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की सरगर्मियों के बीच एनसीपी संस्थापक शरद पवार की बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने अपने भाई और राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार पर तंज कसा है। उन्होंने मुंबई में आयोजित एक निजी चैनल के कॉन्क्लेव में कहा कि अगर दादा ने मांग लिया होता तो पार्टी उन्हें दे देती, पार्टी को तोड़ने की क्या जरूरत थी। जब उनसे पूछा गया कि उनके पिता शरद पवार उन पर ज्यादा प्यार लुटा रहे थे, जबकि पार्टी के असली उत्तराधिकारी अजित पवार थे, तो NCP (शरद पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा, अरे मांग लेता ना, सब दे देती... पार्टी तोड़ने की जरूरत ही नहीं थी। ये कौन सी बड़ी डील है। जाने की च्वाइस उनकी थी। इससे आगे सुले ने कहा कि उनके पिता की अगुवाई वाली पार्टी अजित दादा को पार्टी में ही रखना चाहती था लेकिन उन्होंने हमारे जीवन को अस्त-व्यस्त करके छोड़ दिया है। एनसीपी (शरद) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने शरद पवार के अपनी बेटी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे पर अजित पवार या उनके खेमे के किसी भी व्यक्ति के साथ खुली बहस के लिए तैयार हूं। सुले ने कहा कि पार्टी में उत्तराधिकार को लेकर कोई विवाद नहीं था, लेकिन अजित पवार ने जिस तरह से काम किया, वह गलत था। उन्होंने कहा, उन्होंने हमारे जीवन को बाधित कर दिया और चले जाने का विकल्प चुना। उनके पास विकल्प था; यह सब उन्हें अपने ही पास रखना चाहिए था। उन्होंने कहा, ₹यह उत्तराधिकार की लड़ाई नहीं थी बल्कि यह एनडीए गठबंधन (अजित पवार का भाजपा-शिवसेना खेमे में शामिल होना) में शामिल होने का विवाद था।



# लड़की से छेड़खानी के मामले में गिरफ्तार आरोपी की अस्पताल में मौत



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में एक लड़की से छेड़खानी और उसका पीछा करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए एक 22 वर्षीय आरोपी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। उसकी मौत के बाद पुलिस ने इस पूरी घटना को दुर्घटना बस मौत करार देते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि एक 16 वर्षीय लड़की का पीछा करने और उस पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 22 वर्षीय आरिफ महबूब कुरैशी को पकड़ा गया था। इसी आरोपी की बीती रात जेजे अस्पताल में मौत हो गई है।

### बेचैनी की शिकायत के बाद भर्ती गया था कराया

जेल में बंद इस कैदी के बारे में कहा गया कि आरिफ महबूब कुरैशी को बेचैनी की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। आरोपी आरिफ महबूब कुरैशी के बारे में बताया जा रहा है कि उसे एक लड़की का पीछा करने के मामले में आर्थर रोड जेल में बंद किया गया था। उसे 22 सितंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज

मामले में जानकारी देते हुए मुंबई पुलिस ने बताया है कि आरिफ महबूब कुरैशी की इलाज के दौरान मौत के बाद मुंबई पुलिस ने एनएम जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में एडीआर (दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट) दर्ज की है।

# इस चुनाव में लोग विकास के लिए वोट देंगे: सीएम एकनाथ शिंदे

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में शिवसेना, बीजेपी और एनसीपी की महायुति गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलेगा। खुद को असली शिवसेना बताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में शिवसेना का स्ट्राइक रेट 47 पर्सेंट हैं, जो उद्धव ठाकरे की यूबीटी से ज्यादा है। पिछले चुनाव में भी शिवसेना ने 13 सीटें जीती थीं। इस लोकसभा चुनाव में 13 में 7 सीटें असली शिवसेना ने जीती। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस के वोट से 6 सीटें हासिल कीं।अगर विधानसभा चुनाव में महायुति जीती तो महाराष्ट्र का सीएम कौन होगा? इसके जवाब में शिंदे ने कहा कि मुझे क्या मिलेगा? इसकी चिंता नहीं है। हम टीम की तरह काम कर रहे हैं और करते रहेंगे। सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कि गठबंधन में कोई दिक्कत नहीं। मीडिया के एक कार्यक्रम में सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि असली का सर्टिफिकेट देने वाले उद्धव ठाकरे कौन होते हैं? लोकसभा चुनाव असली शिवसेना पर जनता की मुहर लग गई।



### उद्धव ठाकरे पर लगाया ये आरोप

शिंदे ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के विचार को त्याग दिया है। पिछले विधानसभा चुनाव में लोगों ने बीजेपी शिवसेना को बहुमत दिया मगर स्वार्थ के लिए अघाड़ी के साथ सरकार बनाई। लोकसभा में चुनाव में महायुति की हार पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि लोकसभा और चुनाव का मैट्रिक्स अलग होता है।

### बदलापुर एनकाउंटर पर कही ये बात

बदलापुर एनकाउंटर पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि जो बच्ची है, उसकी उम्र चार साल है। आरोपी की बीवी ने जो एफआईआर किया है, उससे देखकर हैरान रह जाएंगे। उसकी पत्नी ने अक्षय शिंदे को हैवान बताया है। हैवानियत ऐसी थी कि अपनी बेटी जैसी लड़की के साथ अत्याचार कर रहा था। कोर्ट में इन्क्वायरी के दौरान अगर वह गोली चलाता है तो पुलिस क्या करेगी?

### कांग्रेस के शासन में सबसे ज्यादा घोटाला

करप्शन के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में सबसे ज्यादा घोटाले हुए। कोविड के दौरान भी खिचड़ी में घोटाला किया। सीएम शिंदे ने कहा कि अगले दो साल में मुंबई की सड़के गड्ढों से मुक्त हो जाएगी। पहले तारकोल के रोड के नाम पर घोटाले होते थे, अब कंक्रीट रोड बनाए जा रहे हैं। उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का काम सीएम फेसबुक लाइव करना नहीं है। महाराष्ट्र की सीएम लाडली बहन योजना किसकी है? बीजेपी की, शिवसेना या एनसीपी की? एकनाथ शिंदे ने कहा कि ऐसा बोलकर हमारे गठबंधन में फूट डालने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस इन योजनाओं को बंद करना चाहती है।

# म्हाडा की 2030 फ्लैट सेल लॉटरी को जबरदस्त प्रतिसाद

**▶▶ 1.34 लाख आवेदन प्राप्त हुए ▶▶ 1.13 लाख आवेदकों ने जमा राशि का किया भुगतान**

**दीपक पवार | मुंबई**

म्हाडा के मुंबई हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा घोषित 2030 फ्लैटों की बिक्री के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रा प्रक्रिया को आवेदकों से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली है और कम्प्यूटरीकृत ड्रा प्रणाली में 1,34,350 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें से अब तक 1,13,811 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है। ड्रा प्रक्रिया में भागीदारी राशि का भुगतान करके निर्धारित की गई है।



### स्वीकृति प्रक्रिया 9 अगस्त से शुरू

मुंबई में विभिन्न आवास परियोजनाओं के तहत 2030 फ्लैटों की बिक्री के लिए ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और स्वीकृति प्रक्रिया 9 अगस्त, 2024 को रात 11.00 बजे से शुरू हुई। ड्रा प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत प्रणाली, IHLMS 2.0 के माध्यम से आयोजित की जाती है, जो मानवीय हस्तक्षेप के बिना पूरी तरह से ऑनलाइन होती है। इस ड्रा को तीन ग्रुप में बांटा गया है. इसमें नवनिर्मित समूह में 1327 फ्लैट शामिल हैं जबकि दूसरे समूह में विकास नियंत्रण नियम 33 (5), (7),58 के तहत पुनर्विकास परियोजना से म्हाडा द्वारा प्राप्त 370 फ्लैट शामिल हैं। इसमें तीसरे ग्रुप के तहत पिछले ड्रा में विभिन्न कॉलोनियों में फैले 333 फ्लैट भी शामिल हैं।

### आय वर्ग के हिसाब से इतने आवेदन प्राप्त

आय वर्ग के अनुसार, न्यूनतम आय वर्ग में कुल 359 फ्लैटों के लिए 50,993 आवेदन जमा किए गए हैं और उनमें से 47,134 आवेदकों ने जमा राशि का भुगतान कर दिया है। निम्न आय वर्ग में कुल 627 फ्लैटों के लिए कुल 61,571 आवेदन प्राप्त हुए हैं और उनमें से 48,762 आवेदकों ने जमा राशि का भुगतान कर दिया है। मध्यम आय वर्ग में कुल 768 फ्लैटों के लिए 14,293 आवेदन जमा हुए हैं और 11,461 आवेदकों ने जमा राशि का भुगतान किया है। साथ ही उच्च आय वर्ग के कुल 276 फ्लैटों के लिए 7493 आवेदन प्राप्त हुए हैं और उनमें से 6454 आवेदकों ने जमा राशि का भुगतान कर दिया है।

### 27 सितंबर, 2024 को प्रकाशित की जाएगी प्राप्त आवेदनों की ड्राफ्ट सूची

मुंबई बोर्ड द्वारा आवेदन जमा करने की समय सीमा 19 सितंबर को रात 11.59 बजे समाप्त हो गई और आवेदकों को जमा राशि का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए रात 11.59 बजे तक की समय सीमा भी दी गई। डी। ड्रा के लिए प्राप्त आवेदनों की ड्राफ्ट सूची 27 सितंबर, 2024 को शाम 6.00 बजे म्हाडा की वेबसाइट https://housing.mhada.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। उसके बाद डी. आवेदक ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन की तिथि से 29 सितंबर, 2024 को दोपहर 12.00 बजे तक ऑनलाइन दावे-आंदोलन दर्ज कर सकते हैं। डी। ड्रा के लिए स्वीकृत आवेदनों की अंतिम सूची 3 अक्टूबर, 2024 को शाम 6.00 बजे म्हाडा की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

### किस क्षेत्र में कितना आवेदन ?

ड्रा प्रक्रिया में आवेदकों की प्रतिक्रिया को देखते हुए, विकास नियंत्रण नियम 33 (5) के तहत नेहरू नगर, कुर्ला में 14 फ्लैटों के लिए कुल 4026 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3124 आवेदकों ने जमानत राशि का भुगतान कर दिया है। ओशिवारा स्थित योजना में एक फ्लैट के लिए कुल 765 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 546 आवेदकों ने जमानत राशि का भुगतान कर दिया है। इसके अलावा सिद्धार्थ नगर, गोरेगांव में 2 फ्लैट के लिए कुल 749 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 602 आवेदकों ने जमानत राशि का भुगतान कर दिया है। इसके अलावा, कन्नमवार नगर, विक्रोली (492) में 2 फ्लैटों के लिए कुल 620 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 446 आवेदकों ने जमानत राशि का भुगतान कर दिया है। इसके अलावा, विकास नियंत्रण नियम 33 (7) के तहत, भुलेश्वर डिवीजन वेलकर स्ट्रीट योजना के तहत फ्लैट के लिए 533 आवेदन प्राप्त हुए हैं और इनमें से 422 आवेदकों ने जमा राशि का भुगतान किया है। इसके अलावा, मुंबई बोर्ड द्वारा नव निर्माणाधीन समूह में शिवधाम जूनी डिंडोशी, म्हाडा कॉलोनी मलाड (486) योजना में एक फ्लैट के लिए 419 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 291 राजदारों ने जमानत राशि का भुगतान कर दिया है। इसके अलावा, शिवधाम कॉम्प्लेक्स जूनी डिंडोशी, म्हाडा कॉलोनी मलाड (477) योजना में 45 फ्लैटों के लिए 11,280 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 9,519 आवेदकों ने जमानत राशि का भुगतान कर दिया है।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**- सार्वजनिक सूचना-**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (24 जून 2021 तक संशोधित) की धारा 8(3) (सी) के तहत प्रावधान के अनुसार, प्रस्तावित परियोजना फिल्म सिटी, गोरेगांव (पूर्व) से खिंडीपाड़ा (अमर नगर) मुलुंड (पश्चिम) तक ट्विन टनल के डिजाइन, निर्माण और संचालन में आने वाले पेड़ों को हटाने के लिए पी/उत्तर, पी/दक्षिण और टी वार्ड से 01 संयुक्त प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें फिल्म सिटी में बॉक्स टनल (कट एंड कवर), इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और संबंधित कार्य शामिल हैं, जिसमें माननीय नगर आयुक्त और अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण/प्रशासक, बृहन्मुंबई महानगरपालिका की मंजूरी का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका/गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-दस्तावेज - सार्वजनिक सूचना 7 दिन - 271- 7 दिन टीए - डब्लूएस-ZVI - 73, पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सूचना आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए। आप अपनी आपत्तियां/सूचना निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in इस ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। आपके सुझाव/आपत्तियों को निर्धारित प्रारूप में निर्धारित समय में प्राप्त होने पर नोट कर लिया जाएगा।उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त सूचना और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 09/10/2024 के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा। जिन लोगों को इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक लगता है वे अपने ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की प्रति के साथ उपस्थित रह सकते हैं।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी, वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,**
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
टेली नं -23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

**हस्ता.**
**उद्यान अधीक्षक व**
**वृक्ष प्राधिकरण**

पीआरओ/1400/विज्ञा./2024-25

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**

दो बजे दोपहर



संपादकीय

# लोकतंत्र की बयार

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर 25 सितंबर को मतदान हुआ। चुनाव आयोग के रात 9 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, इन सीटों पर 56% वोटिंग हुई। एक दशक बाद हो रहे विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का उत्साह बताता है कि लोगों की लोकतंत्र में गहरी आस्था बरकरार है। पहले और दूसरे चरण में शांतिपूर्ण मतदान ने उम्मीद जगायी है कि शेष चरणों में भी यह उत्साह कायम रहेगा। हाल के दिनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों की श्रृंखला ने शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संशय पैदा कर दिया था। लेकिन चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन व नेताओं द्वारा जनता को जागरूक करने का सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कुछ शिकवे-शिकायतों के बावजूद कश्मीर का जनमानस शांति व लोकतंत्र में विश्वास रखता है। बहुत सालों बाद कश्मीर में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी। ऐसा ही उत्साह हालिया लोकसभा चुनाव में दिखा था जब पिछले साढ़े तीन दशकों के मतदान का रिकॉर्ड टूटा था। इस बार का साठ फीसदी मतदान इसी कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। निश्चित रूप से इन चुनावों को ऐतिहासिक कहा जा सकता है। साथ ही यह उन विदेशी ताकतों को करार जवाब है जो कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण अपने निहित स्वार्थों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल, साबित हुआ कि देश के अन्य भागों की तरह ही कश्मीर के लोग भी शांति व सुशासन चाहते हैं। वे भी महंगाई व बेरोजगारी से निजात चाहते हैं। इस चुनाव में उन्होंने अलगाववादियों को दरकिनार करके मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बावजूद अनुच्छेद 370 हटाने व राज्य का दर्जा खत्म किये जाने के मुद्दे से बहुत लोग सहमत नहीं थे। कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने को लेकर भी लोगों की राय में विभाजन देखा गया है। कतिपय राजनीतिक दलों के साथ ही कुछ लोगों ने अनुच्छेद 370 की वापसी व राज्यत्व बहाली के मुद्दे को तरजीह दी। बहरहाल, कुछ मुद्दों पर असंतोष के बावजूद लोगों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की है। विचारों में यह असहमति लोकतंत्र की खूबसूरती भी है। बहरहाल, राजनीतिक दल विशेष के एजेंडे के इतर हमें स्वीकार करना चाहिए कि भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जिसमें विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों के लोगों की हिस्सेदारी रही है। किसी राज्य का विशेष स्वरूप देश-काल व परिस्थितियों के अनुरूप भी तय किया जाता रहा है। वो समय की जरूरत रही है। शेष देश को किसी भी राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक व विशिष्ट स्वरूप का सम्मान करना चाहिए। बहुत संभव है किसी क्षेत्र विशेष की सोच का साम्य शेष देश के मिजाज व जरूरतों से भिन्न हो। लेकिन यही विविधता किसी लोकतंत्र की खूबसूरती है और उसका सम्मान किया भी जाना चाहिए। हमें नहीं भूलना चाहिए कि घाटी के लोगों की आकांक्षाओं की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोकतंत्र में गहरी आस्था मजबूत हुई है। वहीं ध्यान रखना चाहिए कि भविष्य में बहुसंख्यक कश्मीरी समुदायों के हितों के साथ अल्पसंख्यक कश्मीरी ब्राह्मणों के हितों का संरक्षण भी किया जाए। जिन्हें कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा प्रमुख मुद्दा बनाये जाने के बाद भी न्याय नहीं मिला। उम्मीद करें कि विधानसभा चुनाव के बाद जब राज्य में चुनी हुई सरकार अस्तित्व में आए तो राज्य का दर्जा वापसी के बाद रोजगार व विकास के मुद्दों को प्राथमिकता मिले। इस संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में शांति देश के हित में है। जिसके लिये केंद्र से पर्याप्त सहयोग अपेक्षित है। निस्संदेह, राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हितों को दलीय हितों से ऊपर रखना चाहिए। चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें बताती हैं कि राज्य के लोग शांति व लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्ष में हैं। यह सुखद ही है कि ये चुनाव राज्य में चुनाव बहिष्कार की धमकियों व चेतावनियों से मुक्त शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं। मतदाताओं ने ऐसी किसी भी आवाज को तरजीह नहीं दी है। उम्मीद करें कि ये चुनाव आतंकवाद के खात्मे के लिये निर्णायक जनादेश लेकर आएं। ताकि राज्य कालांतर अलगाववादी सोच का खात्मा करने में सहायक साबित हो सके। एक बार फिर साबित हुआ है कि लोकतंत्र जनता की सक्रिय भागीदारी से ही महकता है। निश्चित रूप से कश्मीर के लोगों की यह जागरूकता राज्य में विकास की आधारभूमि को मजबूत करेगी।

शख्सियत | मनमोहन सिंह

## दुनिया के लिए खोला भारत का बाजार



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत (अब पाकिस्तान) के एक गांव में हुआ था। 90 के दशक में देश में आर्थिक सुधारों के सूत्रधार माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह यूपीए के कार्यकाल में दो बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। मनमोहन सिंह साल 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। मनमोहन सिंह अपनी चुप्पी की वजह से अक्सर विपक्ष के निशाने पर रहे, मगर उनकी सादगी का विपक्ष भी लोहा मानता था। पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को देश एक अर्थशास्त्री के रूप में ही ज्यादा याद करता है।

केन्द्र की कांग्रेस शासित पी.वी. नरसिम्हाराव सरकार में बतौर वित्त मंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह वित्तीय बजट पेश करते हुए साल 1991-1995 के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी। रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर के तौर पर मनमोहन सिंह ने 1991 में आर्थिक सुधार की दिशा में कई कदम उठाए। बतौर वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने कई ऐसे नियम बदले जिसने अर्थव्यवस्था की रफ्तार को रोक रखा था। 1991 में जब भारत को दुनिया के बाजार के लिए खोला गया तो मनमोहन सिंह ही देश के वित्त मंत्री थे। देश में आर्थिक क्रांति और ग्लोबलाइजेशन की शुरुआत इन्होंने ही की थी। इसके बाद पीएम रहते हुए मनरेगा की शुरुआत भी एक बड़ा फैसला रहा, मनरेगा के कारण कई गरीब लोगों को रोजगार मिल पाया। मनरेगा आज भी रोजगार का एक बड़ा स्रोत है। इसके अलावा 18 जुलाई 2006 में भारत और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता हुआ। भारत के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। ये मनमोहन सिंह की बड़ी सफलता मानी जाती है।

मनमोहन सिंह 1991 में पहली बार असम से राज्यसभा सदस्य चुने गए। इसके बाद 1995, 2001, 2007 और 2013 में वो फिर राज्यसभा से संसद पहुंचे। 1998 से 2004 तक जब बीजेपी सत्ता में थी वो राज्यसभा में विपक्षी नेता भी थे। साल 1991 से 1996 तक मनमोहन सिंह ने भारत के वित्तमंत्री के रूप में काम किया। गौरतलब है कि मनमोहन सिंह ने अपनी उच्च शिक्षा विदेश से हासिल की। केंब्रीज विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र की डिग्री हासिल करने के बाद उन्हें स्कॉलरशिप भी मिली थी। वे अपने शिक्षकों के प्रिय थे और छात्रों में लोकप्रिय। उन्हें वहां कई सारे सम्मान मिले और साल 1955-1957 के बीच उन्हें स्कॉलरशिप दी गई। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी की पढ़ाई पूरी करने वाले मनमोहन सिंह ने अर्थशास्त्र में थिसिस जमा की।

# कोई है, जिसे नहीं पच रही है रेलवे की कामयाबी

केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार के पिछले दस साल के दौरान ऐसे तो कई क्षेत्रों में शानदार कामकाज हुआ है, लेकिन इस कालखंड में रेलवे की गति और शक्ति में जिस तरह से प्रगति हुई है, वह अभूतपूर्व है। इस अवधि में रेलवे में जैसा आमूलचूल व्यवस्थागत बदलाव हुआ है, वह बाकियों के लिए अनुकरणीय भी है। कभी कोयले की धूल और काला धुआं उड़ाती भारतीय रेल आज बुलेट की गति से निशब्द होकर पटरियों पर दौड़ने के लिए कमर कस चुकी है। पिछले दस सालों में न सिर्फ पटरियों पर ट्रेनों की रफ्तार कुलांचे भर रही है, बल्कि यात्रा द्रुत, सुगम और सुरक्षित भी हुई है। मौसम संबंधी बाधाओं और चंद अपवादों को छोड़ दें तो आज ट्रेनों की लेटलतीफी भी बीते कल की बात हो चुकी है। देश के कोने-कोने से वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों की लगातार बढ़ती मांग इस बात की गवाही है कि देशवासियों का भारतीय रेल पर भरोसा मजबूत हुआ है। ऐसे में सवाल है कि रेलवे की यह तेज तरक्की किनकी आंखों में चुभ रही है? कौन है, जो रेलवे के बदलते चेहरे को फिर से उस पुराने दौर में लौटाना चाहता है? आख़िर कौन सी ताकतें हैं, जो रेल को बेपटरी करना चाहती हैं।






निखिल हरपुड़े

### रेलवे को मोहरा बनाने की कोशिश

पिछली कुछ घटनाओं पर गौर करें तो यह बात शीशे की तरह साफ़ नज़र आती है कि देश में चल रही मौजूदा राजनीतिक खींचतान में रेलवे को भी एक मोहरा बनाने की कोशिशें चल रही है। रेलवे की वर्तमान यशोगाथा मुद्दाविहीन विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी को तो फूटी आंख नहीं सुहा रही है। कभी वंदे भारत के इंजन में फाइबर शीट के इस्तेमाल को लेकर बेतुकी और मूर्खतापूर्ण बयानबाजी हो या कभी सोशल मीडिया में पुराने रेल हादसों के फोटो-वीडियो को वायरल करने का मामला, ऐसा लगता है कि कांग्रेस को रेलवे की दमदार प्रगति पच नहीं रही है। इसी के चलते वह छोटी-मोटी और मामूली बातों को भी लेकर रेल के पीछे हाथ धोकर पड़ी रहती है।

### जबलपुर-मुंबई गरीब रथ ट्रेन में सांप का घुसना एक साजिश

ताज़ा मामला महाराष्ट्र के कसारा नामक स्थान पर जबलपुर-मुंबई गरीब रथ ट्रेन में सांप के घुस जाने का है। घटनाक्रम कुछ ऐसा है कि कसारा होम सिग्नल के पास यह ट्रेन खड़ी थी। यात्रियों के गेट खोल देने के चलते एक डिब्बे में सामने के जंगल से एक सांप घुस आया। यात्रियों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन सांप अंदर प्रवेश कर गया। ऐसे में ट्रेन में मौजूद रेलवे के स्टाफ ने बेहद तत्परता से पहले तो सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। फिर उस डिब्बे को काटकर बाकी ट्रेन को आगे रवाना किया गया। पूरे घटनाक्रम में रेलवे स्टाफ़ की सक्रियता और तत्परता के साथ-साथ यात्रियों का सहयोग भी सराहनीय रहा। यहां पिछले दिनों ब्रिटेन में कुछ ऐसी ही मिलती-जुलती घटना का जिक्र ज़रूरी है, जहां ट्रेन के एक डिब्बे में गिलहरी घुस आने के बाद कुछ इसी तरह कोच को खाली कराया गया और गाड़ी आगे रवाना की गई। इस पर वहां सभी ने रेलवे की ब्रिटिश रेल व्यवस्था की सराहना की। दूसरी ओर, महाराष्ट्र की सांप वाली घटना को देखें तो यहां रेलवे पर कांग्रेसी भोंपू कुछ तरह बजने लगा, मानो रेलवे के किसी स्टाफ ने सांप पकड़कर डिब्बे के अंदर छोड़ दिया हो।

### रेलवे का हुआ कायाकल्प

दरअसल, इन सबके पीछे रेलवे के तेजी से बदल रहे चेहरे को ढंकने और उल्टा उसे बदनाम करने की कोशिशें हैं। निश्चित रूप से कांग्रेस इसमें सबसे अग्रणी भूमिका में है। आम चुनाव में लगातार तीसरी बार मुंह की खाने के बाद कांग्रेस बौखला-सी गई है। उसे उस हर चीज से चिढ़ हो रही है, जिनका पिछले दस सालों में एक तरह से कायाकल्प हो गया है। निश्चित रूप से रेलवे इसमें पहले पायदान पर है। आश्चर्यजनक है कि वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों को लेकर जहां देश भर में उत्साह का माहौल है, वहीं कांग्रेस आए दिन इसको लेकर भी कुछ न कुछ प्रलाप या वितंडा खड़ा करने की कोशिशें करती रहती हैं। महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन को लेकर जिस तरह कांग्रेस आए दिन तंज करती रहती है, उससे साफ है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी रेलवे के साथ-साथ देश के बदलते दमकते चेहरे को देखना नहीं चाहती। यहाँ सवाल है कि क्या कांग्रेस या विपक्ष की अन्य पार्टियां रेलवे को उसी पुराने दौर में वापस ले जाना चाहती है, जब असुरक्षा, अनिश्चितता और लेटलतीफी उसकी पहचान थी।

### रेलवे इन दिनों राष्ट्र विरोधी तत्वों के भी निशाने पर

चिंताजनक पहलू यह भी है कि विपक्ष के अलावा रेलवे इन दिनों राष्ट्र विरोधी तत्वों के भी निशाने पर है। इतना ही नहीं, रेलवे पर सीमापार बैठे आतंकियों के आकाओं की भी गिद्धदृष्टि गड़ी है। पाकिस्तान स्थित एक आतंकी सरग़ना ने तो भारत में ट्रेनों को निशाना बनाने की बात खुलेआम कही है। शायद इन्हीं धमकियों और साजिशों का नतीजा है कि पिछले दिनों देश के विभिन्न हिस्सों में ट्रेनों को उड़ाने, पलटाने या बेपटरी करने की तमाम साजिशें रची गईं। रेलवे की चौकस और चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते इन साज़िशों को बेशक नाकाम कर दिया गया, लेकिन इतना तो आईने की तरह साफ हो गया है कि रेलवे की बेमिसाल हालिया प्रगति देश के दुश्मनों और घर में छिपे गद्दारों की आंखों में कांटे की तरह चुभ रही है। ऐसे में यह बेहद ज़रूरी है कि इन साजिशों से हम सावधान और सतर्क रहें। ऐसे भी सरहदों की सुरक्षा के लिए निगहबान आंखें जरूरी हैं।

सहज योग

# आत्माओं की पहचान



जब हम मरते हैं, तो हम पूरी तरह से नहीं मरते हैं। केवल स्थूल पृथ्वी तत्व, या स्थूल जल तत्व जिसने हमें प्रकट होने के लिए बनाया है, – वह हिस्सा केवल मर जाता है, बाकी सब बना रहता है।

अब एक आधुनिक व्यक्ति के लिए, सवाल यह होता है कि, यह विश्वास करना है या नहीं कि आत्माएं हैं या नहीं। क्योंकि यह एक बहुत ही अज्ञात क्षेत्र है। और जब तक और जहां तक यह पूरी तरह से खोज नहीं लिया जाता है और पता चलता है, अज्ञात क्षेत्र, हमेशा एक मतिभ्रम बनाता है कि यह कुछ दिव्य है। इसलिए हमें आत्माओं के बारे में भी जानना होगाः वे कौन हैं, वे कैसे कार्य करते हैं, और वे कैसे कार्यान्वित होते हैं। अब, कई कहेंगे कि "हम आत्माओं में विश्वास नहीं करते हैं।" चाहे आप इसे मानें या न मानें – लेकिन वे वहीं हैं। ईसा-मसीह, वह झूठे नहीं थे। उन्होंने आत्माओं को निकाल कर और उन्हें सुअर में डाल दिया। और यह वही व्यक्ति हैं जिन्होंने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि "आत्माओं से दूर रहो।"आत्माएं स्थिति (अस्तित्व) हैं। यदि हम बनना चाहते हैं तो हम कल आत्मा हो सकते हैं। जब हम मरते हैं, तो हम पूरी तरह से नहीं मरते हैं। केवल स्थूल पृथ्वी तत्व, या स्थूल जल तत्व जिसने हमें प्रकट होने के लिए बनाया है, – वह हिस्सा केवल मर जाता है, बाकी सब बना रहता है। और यह एक ऐसे क्षेत्र में चला जाता है जिसे हम प्रेतलोक (मृतकों की दुनिया) कहते हैं, जहां यह भ्रूण के आकार में आने तक छोटा और छोटा होने लगता है, या, आप कह सकते हैं, बहुत छोटा भ्रूण। यह वहां इंतजार में होता है। लेकिन कुछ लोग, जब वे मर जाते हैं, तो वे असंतुष्ट आत्मा होते हैं। संस्कृत में हम उन्हें अतृप्त आत्मा (असंतुष्ट आत्मा) कहते हैं। मतलब, जीवन में वे बहुत ज्यादा चीजों के पीछे भटके हुए हैं, और वे अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए, और वे मर गए। उदाहरण के लिए, प्रसव पीड़ा के दौरान एक मां की मृत्यु हो जाती है। उसका बच्चा पैदा हुआ है; वह बच्चे को देखती है और मर जाती है। वह उस बच्चे की देखभाल के लिए चिंतित है। एक पिता की अचानक दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है। उनके बच्चे पीछे रह गए हैं, और वह अपने बच्चों के बारे में चिंतित हैं, जिनकी वे देखभाल करते हैं। कुछ लोग हैं जो जीवन में बहुत महत्वाकांक्षी हैं – बहुत, बहुत महत्वाकांक्षी – और वे अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने से पहले मर जाते हैं। वे भी आत्मा बन जाते हैं। ऐसे लोग हैं जो अत्याचार और परेशानी झेले और मारे गए हैं। वे भी मर जाते हैं, और वे प्रेतलोक में नहीं रहना चाहते हैं, लेकिन वे उन लोगों को परेशान करना चाहते हैं जिन्होंने उन्हें परेशान किया है। तो विभिन्न प्रकार के लोग हैं जो आत्मा बन जाते हैं। हम उन्हें दो प्रकारों में विभाजित कर सकते हैं। एक प्रकार वह है जो बहुत आक्रामक, महत्वाकांक्षी, अहंकारी, दमनकारी व्यक्ति है, जो मर जाता है और एक प्रेतात्मा बन जाता है। उस क्षेत्र को अधिचेतना क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | ईश्वर चंद्र विद्यासागर : जन्म 26 सितंबर 1946 | जन्म

# जो दूसरों के काम न आए, वह मनुष्य नहीं

हमारे देश में कई ऐसे समाज सुधारक रहे, जिन्होंने समाज को एक नई राह दिखाने का काम किया। वहीं भारत में आज भी जब समाज सुधारकों की बात की जाती है, तो उसमें ईश्वर चंद्र विद्यासागर का नाम सबसे ऊपर होता है। वह 19वीं सदी के महान शिक्षाविद, दार्शनिक, समाज सुधारक और लेखक थे। भारत में विधवा विवाह कानून बनवाने का श्रेय विद्यासागर को जाता है। उन्होंने सिर्फ मौखिक शिक्षा ही नहीं दी बल्कि कई ऐसे कार्य भी किए जो समाज सुधार के पिलर साबित हुए।

विद्या सबसे अनमोल 'धन' है; इसके आने मात्र से ही सिर्फ अपना ही नही अपितु पूरे समाज का कल्याण होता है। संसार मे सफल और सुखी वही लोग हैं, जिनके अन्दर विनय हो और विनय विद्या से ही आती है। समस्त जीवों में मनुष्य सर्वश्रेष्ठ बताया गया है, क्यूंकि उसके पास आत्मविवेक और आत्मज्ञान जो हैं। कोई मनुष्य अगर बड़ा बनना चाहता है, तो छोटे से छोटा काम भी करे, क्यूंकि स्वावलम्बी ही श्रेष्ठ होते हैं। मनुष्य कितना भी बड़ा क्यों न बन जाए उसे हमेशा अपना अतीत याद करते रहना चाहिए। जो व्यक्ति दूसरों के काम मे न आए, वास्तव में वो मनुष्य नही है। अगर सफल और प्रतिष्ठित बनना है, तो झुकना सीखो। क्यूंकि जो झुकते नहीं, समय की हवा उन्हें झुका देती है। एक मनुष्य का सबसे बड़ा कर्म दूसरों की भलाई और सहयोग होना चाहिए, जो एक सम्पन्न राष्ट्र का निर्माण करता हैं। अपने हित से पहले, समाज और देश के हित को देखना एक विवेक युक्त सच्चे नागरिक का धर्म होता है। बिना कष्ट के ये जीवन एक बिना नाविक के नाव जैसा है, जिसमे खुद का कोई विवेक नहीं। एक हल्के हवा के झोके मे भी चल देता है। दूसरों के कल्याण से बढ़कर, दूसरा और कोई नेक काम और धर्म नही होता। जो मनुष्य संयम के साथ, विद्यार्जन करता है, और अपने विद्या से सब का परोपकार करता है। उसकी पूजा सिर्फ इस लोक मे नही वरन परलोक मे भी होती है। संयम विवेक देता है, ध्यान एकाग्रता प्रदान करता है। शांति, संतुष्टि और परोपकार मनुष्यता देती हैं। जो नास्तिक हैं उनको वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भगवान में विश्वास करना चाहिए इसी में उनका हित हैं।



सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# गुरु की आज्ञा पर चलने वाला शिष्य

एक शिष्य था समर्थ गुरु रामदास जी का जो भिक्षा लेने के लिए गांव में गया और घर-घर भिक्षा की मांग करने लगा।

समर्थ गुरु की जय भिक्षा देहिं
समर्थ गुरु की जय भिक्षा देहिं

एक घर के भीतर से जोर से दरवाजा खुला ओर एक बड़ी-बड़ी दाढ़ी वाला तान्त्रिक बाहर निकला और चिल्लाते हुए बोला मेरे दरवाजे पर आकर किसी दूसरे का गुणगान करता है। कौन है ये समर्थ

शिष्य ने गर्व से कहामेरे गुरु समर्थ रामदास जी जो सर्व समर्थ है।

तांत्रिक ने सुना तो क्रोध में आकर बोला कि इतना दुःसाहस कि मेरे दरवाजे पर आकर किसी और का गुणगान करे तो देखता हूँ कितना सामर्थ्य है तेरे गुरु में

मेरा श्राप है कि तू कल का उगता सूरज नही देख पाएगा अर्थात् तेरी मृत्यु हो जाएगी।

शिष्य ने सुना तो देखता ही रह गया और आसपास के लोग भी कहने लगे कि इस तांत्रिक का दिया हुआ श्राप कभी भी व्यर्थ नही जाताबेचारा युवावस्था में ही अपनी जान गंवा बैठा



शिष्य उदास चेहरा लिए वापस आश्रम की ओर चल दिया और सोचतेसोचते जा रहा था कि आज मेरा अंतिम दिन है, लगता है मेरा समय खत्म हो गया है।

आश्रम में जैसे ही पहुँचा। गुरु सामर्थ्य रामदास जी हँसते हुए बोले ले आया भिक्षा

बेचारा शिष्य क्या बोले

गुरुदेव हँसते हुए बोले कि भिक्षा ले आया।

शिष्य जी गुरुदेव भिक्षा में मैं अपनी मौत ले आया हूँ ! और सारी घटना सुना दी और एक कोने में चुप-चाप बैठ गया।

गुरुदेव बोले अच्छा चल भोजन कर ले।

शिष्यगुरुदेवआप भोजन करने की बात कर रहे है और यहाँ मेरा प्राण सूख रहा है। भोजन तो दूर एक दाना भी मुँह में न जा पाएगा।

गुरुदेव बोलेअभी तो पूरी रात बाकी है अभी से चिंता क्यों कर रहा है, चल ठीक है जैसी तुम्हारी इच्छा। ओर यह कहकर गुरुदेव भोजन करने चले गए।

फिर सोने की बारी आई तब गुरुदेव ने शिष्य को बुलाकर आदेश किया हमारे चरण दबा दे

शिष्य मायूस होकर बोला ! जी गुरुदेव जो कुछ क्षण बचे हैं जीवन केवे क्षण मैं आपकी सेवा कर ही प्राण त्याग करूँ यहि अच्छा होगा। ओर फिर गुरुदेव के चरण दबाने की सेवा शुरू की।

गुरुदेव बोलेचाहे जो भी हो जाय चरण छोड़ कर कहीं मत जाना ।

शिष्य जी गुरुदेव कही नही जाऊँगा।

गुरुदेव ने अपने शब्दों को तीन बार दोहराया कि चरण मत छोड़ना, चाहे जो हो जाए।

यह कह कर गुरुदेव सो गए।

शिष्य पूरी भावना से चरण दबाने लगा।

रात्रि का पहला पहर बीतने को था अब तांत्रिक अपनी श्राप को पूरा करने के लिए एक देवी को भेजा जो धन से सोनेचांदी सेहीरेमोती से भरी थाली हाथ में लिए थी।

शिष्य चरण दबा रहा था। तभी दरवाजे पर वो देवी प्रकट हुई और कहने लगी - कि इधर आओ ओर ये थाली ले लो। शिष्य भी बोलाजी मुझे लेने में कोई परेशानी नही है लेकिन क्षमा करें ! मैं वहाँ पर आकर नही ले सकता। अगर आपको देना ही है तो यहाँ पर आकर रख दीजिए।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# सपनों का घर

किसी शहर से कुछ दूर एक किसान अपने गाँव में रहता था । वैसे तो वह संपन्न था पर फिर भी वो अपने जीवन से खुश नहीं था । एक दिन उसने निश्चय किया कि वो अपनी सारी ज़मीन -जायदाद बेच कर किसी अच्छी जगह बस जाएगा । अगले ही दिन उसने एक जान -पहचान के रियल एस्टेट एजेंट को बुलाया और बोला , " भाई , मुझे तो बस किसी तरह ये जगह छोड़नी है, बस कोई सही प्रॉपर्टी दिल दो तो बात बन जाए !" "क्यों , क्या दिक्कत हो गयी यहाँ आपको ?", एजेंट ने पुछा । "आओ मेरे साथ ", किसान बोला , " देखो कितनी समस्याएं हैं यहाँ पर , ये उबड़-खाबड़ रास्ते देखो , और ये छोटी सी झील देखो , इसके चक्कर में पूरा घूम कर रास्ता पार करना पड़ता है। ।। इन छोटे -छोटे पहाड़ों को देखो , जानवरों को चराना कितना मुश्किल होता है और ये देखो ये बागीचा , आधा समय तो इसकी सफाई और रख-रखाव में ही चला जाता है क्या करूँगा मैं ऐसी बेकार प्रॉपर्टी का" एजेंट ने घूम -घूम कर इलाके का जायजा लिया और कुछ दिन बाद किसी ग्राहक के साथ आने का वादा किया । इस घटना के एक – दो दिन बाद किसान सुबह का अखबार पढ़ रहा था कि कहीं किसी अच्छी प्रॉपर्टी का पता चल जाए जहाँ वो सब बेच -बाच कर जा सके । तभी उसकी नज़र एक आकर्षक ऐड पर पड़ी , " लें सपनो का घर , एक शांत सुन्दर जगह , प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर, सुन्दर झील और पहाड़ियों के बीच , शहर की भीड़ -भाड़ से उचित दूरी पर बसाएं एक स्वस्थ -सुन्दर आशियाना । किसान को ये ब्यौरा बहुत पसंद आया , वो बार-बार उस ऐड को पढ़ने लगा , पर थोड़ा ध्यान देने पर उसे लगा कि ये तो उसी की प्रॉपर्टी का ऐड है , इस बात की पुष्टि करने के लिए उसने दिए हुए नंबर पर फ़ोन लगाया और सचमुच ये उसी की प्रॉपर्टी का ऐड था । तब किसान को एहसास हुआ कि वो वाकई में अपनी मनचाही जगह पर रहता है और ये उसकी गलती थी कि उसने अपनी ही चीजों को हमेशा गलत ढंग से देखा । अब किसान वहीँ रहना चाहता था ; उसने तुरंत अपने एजेंट को कॉल किया और इस ऐड को हटाने को कहा ।

इस किसान की तरह ही कई बार हमें भी अपनी life से बहुत complaints होती हैं , लगता है कि हमारा जीवन ही सबसे बेकार है , हमारी नौकरी में ही सबसे ज्यादा प्रेशर है , हमारी पर्सनालिटी ही सबसे unattractive है

पर क्या आपने कभी दूसरों की नज़र से अपनी life को देखने की कोशिश की है ? क्या वाकई आपकी लाइफ इतनी problematic है या आपने खुद ज़रुरत से ज्यादा उसे ऐसा बना रखा है ? कहीं किसान की तरह आप भी अपने जीवन के सौंदर्य को अनदेखा तो नहीं कर रहे हैं ? कहीं आपको भी आपकी खुशियां गिनाने के लिए किसी paper-advertisement की ज़रुरत तो नहीं ?

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# वर्डप्रेस में बनाएं करियर

# सीखें, पढ़ें और आगे बढ़ें

वर्डप्रेस दुनिया में सबसे लोकप्रिय वेबसाइट-निर्माण प्लेटफ़ॉर्म में से एक है। छोटे ब्लॉग से लेकर बड़ी कंपनी की साइट तक कई वेबसाइटें वर्डप्रेस का उपयोग करती हैं क्योंकि इसका उपयोग करना आसान और लचीला है। भारत में, यदि आप वेबसाइट बनाने, तकनीक के साथ काम करने और व्यवसायों को ऑनलाइन बढ़ने में मदद करने में रुचि रखते हैं, तो वर्डप्रेस में करियर एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। आइए देखें कि आप वर्डप्रेस में करियर कैसे शुरू कर सकते हैं और आपको किन कौशलों की आवश्यकता है।



## वर्डप्रेस क्या है?

वर्डप्रेस एक ओपन-सोर्स कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम (CMS) है। इसका मतलब है कि यह एक मुफ़्त प्लेटफ़ॉर्म है जो आपको बहुत अधिक कोड लिखे बिना वेबसाइट बनाने, प्रबंधित करने और संपादित करने की अनुमति देता है। वर्डप्रेस हज़ारों थीम (डिज़ाइन) और प्लगइन्स (टूल) प्रदान करता है जिनका उपयोग आप वेबसाइट को अच्छा दिखाने और अच्छी तरह से काम करने के लिए कर सकते हैं।

## वर्डप्रेस में करियर क्यों चुनें?

वर्डप्रेस का इस्तेमाल भारत में व्यवसायों, ब्लॉगर्स और ई-कॉमर्स स्टोर द्वारा व्यापक रूप से किया जाता है। क्योंकि यह बहुत लोकप्रिय है, इसलिए कई कंपनियाँ ऐसे कुशल लोगों की तलाश करती हैं जो वर्डप्रेस वेबसाइट बना सकें और उनका रखरखाव कर सकें। यहाँ कुछ कारण दिए गए हैं कि क्यों वर्डप्रेस में करियर एक अच्छा विकल्प हो सकता है:

**उच्च मांग :** भारत में वर्डप्रेस डेवलपर्स की उच्च मांग है। कई व्यवसाय अपनी खुद की वेबसाइट बनाना चाहते हैं, लेकिन उन्हें मदद के लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है।

**फ्रीलांस अवसर :** वर्डप्रेस कौशल आपको एक फ्रीलांसर के रूप में काम करने की अनुमति देता है। इसका मतलब है कि आप ग्राहकों से प्रोजेक्ट ले सकते हैं, घर से काम कर सकते हैं और लचीले घंटे रख सकते हैं।

**अच्छी आय :** वर्डप्रेस पेशेवर अच्छी आय कमा सकते हैं, चाहे किसी कंपनी के लिए पूर्णकालिक काम करें या फ्रीलांसिंग करें। जैसे-जैसे आपका कौशल बेहतर होता जाएगा, आप अपनी सेवाओं के लिए अधिक शुल्क ले सकते हैं।

**सीखना आसान :** अन्य प्रोग्रामिंग भाषाओं की तुलना में, वर्डप्रेस सीखना अपेक्षाकृत आसान है। इसका उपयोग शुरू करने के लिए आपको कोडिंग विशेषज्ञ होने की आवश्यकता नहीं है।

## वर्डप्रेस में करियर के लिए आपको जिन कौशलों की आवश्यकता है

**बेसिक वेब डेवलपमेंट :** HTML, CSS और JavaScript की मूल बातें सीखें। ये किसी भी वेबसाइट के निर्माण खंड हैं और आपको वर्डप्रेस साइट्स में कस्टम बदलाव करने में मदद करेंगे।

**वर्डप्रेस थीम और प्लगइन्स :** वर्डप्रेस थीम का उपयोग और कस्टमाइज़ करना समझना महत्वपूर्ण है। आपको प्लगइन्स को इंस्टॉल और मैनेज करना भी सीखना चाहिए, जो वेबसाइट में अतिरिक्त सुविधाएँ जोड़ते हैं।

**SEO ज्ञान :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (SEO) वेबसाइट को Google जैसे सर्च इंजन पर उच्च रैंक दिलाने के लिए आवश्यक है। WordPress में Yoast SEO जैसे SEO प्लगइन का उपयोग करना सीखना आपको क्लाइंट के लिए अधिक मूल्यवान बना देगा।

**वेबसाइट सुरक्षा :** हैकर्स से वेबसाइट की सुरक्षा करना बहुत महत्वपूर्ण है। WordPress साइट्स को सुरक्षित रखने के लिए वेबसाइट सुरक्षा प्लगइन और अभ्यासों के बारे में जानें।

**संचार कौशल :** WordPress पेशेवर के रूप में, आपको अक्सर क्लाइंट की ज़रूरतों को समझने के लिए उनके साथ संवाद करने की आवश्यकता होगी। अच्छा संचार उन्हें वही देने में मदद करता है जो वे चाहते हैं।

## WordPress में करियर कैसे शुरू करें

मूल बातें सीखें: WordPress का उपयोग करना सीखकर शुरुआत करें। आप ऑनलाइन कई मुफ़्त ट्यूटोरियल और कोर्स पा सकते हैं। एक सरल वेबसाइट बनाना, थीम का उपयोग करना और प्लगइन इंस्टॉल करना सीखें।

अपनी खुद की वेबसाइट बनाएं: प्रैक्टिस प्रोजेक्ट के रूप में अपनी खुद की WordPress वेबसाइट बनाएं। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि WordPress कैसे काम करता है और आपको संभावित क्लाइंट या नियोक्ताओं को दिखाने के लिए कुछ मिलेगा।

ऑनलाइन कोर्स करें: ऐसे कई ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध हैं जो शुरुआती से लेकर उन्नत स्तर तक WordPress डेवलपमेंट सिखाते हैं। यूडेमी, कोर्सेरा और लिंक्डइन लर्निंग जैसे प्लेटफॉर्म पर वर्डप्रेस पर अच्छे कोर्स उपलब्ध हैं।

**छोटी शुरुआत करें :** दोस्तों, परिवार या स्थानीय व्यवसायों से छोटे प्रोजेक्ट लेकर शुरुआत करें। इससे आपको अनुभव और आत्मविश्वास बनाने में मदद मिलेगी।

**ऑनलाइन समुदायों से जुड़ें :** वर्डप्रेस समुदायों, फ़ोरम और सोशल मीडिया समूहों से जुड़ें। दूसरों से सीखने, सलाह लेने और नौकरी के अवसर खोजने के लिए ये बेहतरीन जगहें हैं।

**पोर्टफ़ोलियो बनाएं :** अपनी बनाई या काम की गई वेबसाइटों का पोर्टफ़ोलियो बनाएँ। पोर्टफ़ोलियो आपके कौशल को संभावित क्लाइंट या नियोक्ताओं को दिखाता है।

**नौकरियों के लिए आवेदन करें:** नौकरी, इनडीड और लिंक्डइन जैसे जॉब पोर्टल पर भारत में वर्डप्रेस डेवलपर्स के लिए नौकरी के अवसर देखें। कई कंपनियाँ पूर्णकालिक या अंशकालिक वर्डप्रेस डेवलपर्स की तलाश करती हैं।

**फ्रीलांस :** अगर आप स्वतंत्र रूप से काम करना पसंद करते हैं, तो फ्रीलांसर के तौर पर अपनी सेवाएँ देना शुरू करें। अपवर्क, फ्रीलांसर और फाइवर जैसी वेबसाइटें वर्डप्रेस विशेषज्ञों की तलाश करने वाले क्लाइंट खोजने के लिए अच्छे प्लेटफ़ॉर्म हैं।

## भारत में वर्डप्रेस करियर का भविष्य

भारत में वर्डप्रेस करियर का भविष्य उज्ज्वल दिखता है। अधिक से अधिक व्यवसाय और व्यक्ति ऑनलाइन उपस्थिति चाहते हैं, इसलिए वर्डप्रेस डेवलपर्स की ज़रूरत बढ़ती रहेगी। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभव प्राप्त करते हैं और उन्नत वर्डप्रेस विकास सीखते हैं, आप कस्टम प्लगइन विकास और वेबसाइट अनुकूलन जैसी उच्च-मूल्य वाली सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।



# ICICI Bank ने मध्यप्रदेश के कई शहरों में रिलेशनशिप मैनेजर की वैकेंसी निकाली

## ग्रेजुएट तुरंत करें अप्लाई

आईसीआईसीआई ने मध्यप्रदेश के कई सारे शहरों के लिए रिलेशनशिप मैनेजर की पोस्ट पर वैकेंसी निकाली है। इस पोस्ट पर 1 से 10 साल तक के अनुभव वाले कैंडिडेटस अप्लाई कर सकते हैं।

**डिपार्टमेंट :** रिलेशनशिप मैनेजर




### रोल और रिस्पॉन्सिबिलिटी

**कस्टमर सर्विस :** कस्टमर्स को उनकी फाइनेंशियल नीड के मुताबिक अच्छी सर्विस देना।

**बिजनेस डेवलपमेंट :** मौजूदा कस्टमर्स के वॉलेट शेयर को बढ़ाना और कस्टमर्स की जरूरतों को पूरा करने वाले 360-डिग्री बैंकिंग सोल्यूशन करके नए कस्टमर्स को जोड़ना।

**360 डिग्री बैंकिंग :** बैंक के ऑफर प्रोडक्ट टीम के साथ कोलैबोरेट करके इंटर्नल टीम को प्रोडक्ट ऑफर करना।

**पोर्टफोलियो की क्वालिटी को बढ़ाना :** Fair to the Bank, Fair to the Customer फिलॉसफी के साथ पोर्टफोलियो को मेंटेन करना।

**वैल्यूज को बनाए रखना :** ऐसे प्रोडक्ट और सर्विस जो कस्टमर्स के लिए बेहतर हों।

### एजुकेशनल और प्रोफेशनल क्वालिफिकेशन

MBA या ग्रेजुएशन की डिग्री।

रिलेशनशिप मैनेजमेंट, बिजनेस डेवलपमेंट में 1-10 साल तक का एक्सपीरियंस हो।

अच्छा रिटन और ओरल कम्युनिकेशन हो।

एक से ज्यादा टीम के साथ काम करने का स्किल हो।

मार्केट सेंस हो, इंडस्ट्री ट्रेंड को मॉनिटर करने की क्वालिटी हो।

**सैलरी स्ट्रक्चर :** अलग-अलग सेक्टर्स की जॉब सैलरी बताने वाली वेबसाइट AmbitionBox के मुताबिक ICICI रिलेशनशिप मैनेजर की एवरेज एनुअल सैलरी 2 लाख से 12 लाख तक हो सकती है।

### जॉब लोकेशन

मध्यप्रदेश के होशंगाबाद, विदिशा, सतना, जबलपुर, छिंदवाड़ा, गुना, रतलाम, नरसिंहपुर और बुन्देलखंड के लिए निकाली गई है।

**कंपनी के बारे में :** ICICI बैंक भारत की प्रमुख बैंकिंग एवं फाइनेंशियल सर्विस इंस्टीट्यूशन है। पहले पूरा नाम इंडस्ट्रियल क्रेडिट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया था। ये भारत का तीसरा सबसे बड़ा बैंक है। बाजार कैपिटलाइजेशन से भारत के प्राइवेट सेक्टर का ये सबसे बड़ा बैंक है। इस बैंक की भारत में 6500 से ज्यादा ब्रांच हैं। ICICI बैंक में रिटेल बैंकिंग पर्सनल, सेल्फ इम्प्लॉयमेंट, SMEs प्रोपराइटर,सरकार और संस्थानों से मिलकर कस्टमर्स को सर्विस देता है। देश भर में लगभग 6,500 ब्रांच के साथ ICICI ये काम कर रहा है।

# बिहार स्टेट पावर कंपनी में 4016 पदों पर निकली भर्ती

## 1 अक्टूबर से शुरु आवेदन, 10वीं पास करें अप्लाई

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड (BSPHCL) ने कुछ महीने पहले जूनियर इंजीनियर समेत कई पदों पर भर्ती निकाली थी। इसके अंतर्गत 2610 पदों को भरा जाना था। इस भर्ती के लिए आवेदन की एक बार फिर शुरुआत की गई है। इसमें पदों की संख्या को बढ़ाकर 4016 कर दिया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत 1 अक्टूबर से की जा रही है। जिन उम्मीदवारों ने जून-जुलाई में आवेदन किए हैं, उन्हें दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं है। आवेदन शुरू होने के बाद उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट bsphcl.co.in पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे।

### वैकेंसी डिटेल्स

**टेक्नीशियन ग्रेड III :** 2000 से बढ़ाकर 2156 पद

**कॉरेस्पांडेंस क्लर्क :** 150 से बढ़ाकर 806 पद

**जूनियर अकाउंट्स क्लर्क :** 300 से बढ़ाकर 740 रुपए

**स्टोर असिस्टेंट :** 115 पद



**जेईई जेटीओ :** 40 से बढ़ाकर 113 पद

**असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर :** 40 से बढ़ाकर 86 पद

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

उम्मीदवारों को 10वीं पास होने के बाद इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आईटीआई होना चाहिए।

### आयु सीमा

न्यूनतम 18 वर्ष

अधिकतम 37 वर्ष

महिला उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष है। अधिकतम आयु सीमा में राज्य के SC/ST/EBC/BC उम्मीदवारों को बिहार सरकार के नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी।

### सैलरी

9,200 - 58,600 रुपए प्रतिमाह।

### सिलेक्शन प्रोसेस

रिटन एग्जाम

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

मेडिकल एग्जाम

असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के लिए गेट स्कोर के बेसिस पर सिलेक्शन होगा।

### फीस

**जनरल, ईबीसी और बीसी :** 1500 रुपए

**एससी, एसटी, दिव्यांग और महिलाएं :** 375 रुपए

### सिलेक्शन प्रोसेस

रिटन एग्जाम के बेसिस पर

### ऐसे करें आवेदन

ऑफिशियल वेबसाइट bsphcl.co.in पर जाएं।

भर्ती का नोटिफिकेशन पीडीएफ फाइल के माध्यम से डाउनलोड करें।

अप्लाई ऑनलाइन के लिंक पर क्लिक करें।

मांगी गई जानकारी ऑनलाइन अपलोड करें।

अपनी कैटेगरी के अनुसार फीस का भुगतान करें।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

**वृष** विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है।

**मिथुन** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क** भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह** यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**कन्या** धैर्य रखें, समय सुधरेगा। बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**तुला** पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा।

**वृश्चिक** आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें।

**धनु** मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा।

**मकर** सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मीन** व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

# कुंडली के कुछ अशुभ योगों की शान्ति

**1) चांडाल योग**

गुरु के साथ राहु या केतु हो तो जातक बुजुर्गों एवम् गुरुजनों का निरादर करता है, मुंहफट होता है तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। यह जातक पेट और श्वास के रोगों से पीड़ित हो सकता है।




**2) सूर्य ग्रहण योग**

सूर्य के साथ राहु या केतु हो तो जातक को हड्डियों की कमजोरी, नेत्र रोग, ह्रदय रोग होने की संभावना होती है एवम पिता का सुख कम होता है।

**3) चंद्र ग्रहण योग**

चंद्र के साथ राहु या केतु हो तो जातक को मानसिक पीड़ा एवं माता को हानि पहुंचती है।

**4) श्रापित योग**

शनि के साथ राहु हो तो दरिद्री योग होता है सवा लाख महा मृत्युंजय जाप करें।

**5) पितृदोष**


यदि जातक को 2,5,9 भाव में या सूर्य के साथ राहु केतु या शनि है तो जातक पितृदोष से पीड़ित है।

**6) नागदोष**

यदि जातक को 5 भाव में राहु बिराजमान है तो जातक पितृदोष के साथ साथ नागदोष भी है।

**7) ज्वलन योग**

सूर्य के साथ मंगल की युति हो तो जातक ज्वलन योग(अंगारक योग) से पीड़ित होता है।



प्रियंका जैन
9769994439

**8) अंगारक योग**

मंगल के साथ राहु या केतु बिराजमान हो तो जातक अंगारक योग से पीड़ित होता है।

9) सूर्य के साथ चंद्र हो तो जातक अमावस्या का जन्मा है (अमावस्या शान्ति करें)।

IGR INDIA GROUND REPORT दो बजे दोपहर



## खबर संक्षेप

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 26 सितम्बर को स्वर्णप्राशन

**रायपुर।** रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 26 सितम्बर को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक इसका सेवन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है।

### पांच दिवसीय हिंदू मेले का आयोजन गुरूवार से

**जयपुर।** हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन की ओर से पांच दिवसीय हिंदू मेले का आयोजन गुरूवार से किया जा रहा है जो सोमवार तक आदर्श नगर दशहरा मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस मेले का शुभारंभ उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। इसके अलावा इस अवसर पर देश के कई बड़े संत-मंहत मौजूद रहेंगे। साथ ही मेले में प्रतिदिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मेले का प्रवेश द्वार हवामहल के तर्ज पर बनाया गया है। कार्यक्रम के प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया कि गुरूवार को हिंदू मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। इस अवसर पर देश के प्रमुख संत सानिध्य जगद्गुरु निंबारकाचार्य, श्याम शरण देवाचार्य, पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा का रहेगा। विशिष्ट अतिथि स्वामी चिदानंद सरस्वती और डॉक्टर चिन्मय पंड्या रहेंगे।

### 14 साल के बालक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

भागलपुर। जिले के सबौर थाना क्षेत्र स्थित बाबूपुर में गंगा किनारे सब्जी के खेत से पुलिस ने बुधवार एक बालक का शव बरामद किया है। मृतक मुकेश कुमार (14) पिता कमलेश्वरी मंडल बाबुपुर गांव का रहने वाला था। उसके आंख, मुंह और पीठ पर गहरे जख्म के निशान थे। मृतक के भाई ने बताया कि किसी मुकेश कुमार का फोन आने पर वह घर से निकला था। इसके बाद वह नहीं लौटा। हमने खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला, जिस युवक ने उसे फोन कर बुलाया था, उससे पूछने गया तो गाली-गलौज कर भगा दिया। उसने भाई की हत्या का आरोप उक्त व्यक्ति पर लगाया है।

# शिक्षकों के ट्रांसफर और पोस्टिंग की नीति को 30 सितंबर के पहले मिलेगी मंजूरी

**एजेंसी । पटना**

बिहार में शिक्षकों की ट्रांसफर पॉलिसी लागू किये जाने का काउंटडाउन जारी है। बीते 85 दिनों से शिक्षक तबादला / पदस्थापना पॉलिसी का इंतजार कर रहे हैं। अब इस मामले में बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बड़ा अपडेट दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षकों के ट्रांसफर और पोस्टिंग की नीति को 30 सितंबर के पहले हमलोग मंजूरी दे देंगे। उन्होंने यह बात बुधवार को जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहीं। इस दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार भी मौजूद रहें।

### ट्रांसफर पॉलिसी में इन लोगों को दी जाएगी प्राथमिकता



पत्रकारों से बात करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि हम लोग 30 सितंबर से पहले नियमावली बना लेंगे, इसमें कैबिनेट की कोई जरूरत नहीं हैं। यह काम विभागीय स्तर पर ही हो जाएगा। कैबिनेट में यह तय किया जाता है कि कहां पोस्टिंग की जानी है, लेकिन ट्रांसफर का मामला विभागीय स्तर पर तय होता है। उन्होंने कहा कि इस ट्रांसफर नीति में दिव्यांग शिक्षक, असाध्य रोगों से पीड़ित शिक्षक, महिला शिक्षक और शिक्षक दंपत्ति से जुड़े आवेदनों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

### आरक्षण की वजह से टीआरई-3 का रिजल्ट हुआ लेट

वहीं टीआरई-3 के रिजल्ट के बारे में शिक्षा मंत्री ने कहा कि बीपीएससी ने जो परीक्षाएं ली हैं उनके बारे में हम लोगों ने उनसे अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द उसका रिजल्ट निकाल दें। आरक्षण नीति की वजह से इसमें देरी हुई है। आरक्षण का जो दायरा बढ़ा था वो हाइकोर्ट के आदेश से हट गया है। राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। इस वजह से पुरानी आरक्षण नीति के अनुसार ही रिजल्ट जारी होगा।

# आरपीएफ जवानों के साथ क्रूरता की हदें पार कर देता था जाहिद

**एजेंसी । गाजीपुर**

आरपीएफ जवानों की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी जाहिद उर्फ सोनू का एनकाउंटर जरूर हो गया है, लेकिन उसकी क्रूरता की हदें ऐसी थीं, जिसे सुनकर किसी की भी रूह कांप जाएगी। जाहिद की



क्रूरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 20 अगस्त की रात वह ट्रेन में बेहोश आरपीएफ जवान जावेद खान को बेल्ट से बुरी तरह पीटता रहा। सोमवार रात पुलिस ने उसका एनकाउंटर कर दिया। जाहिद पर बिहार के कई थानों में उसके खिलाफ मारपीट, लूटपाट और शराब तस्करी के केस दर्ज हैं।

### आरपीएफ जवानों की हत्या में सोनू मुख्य आरोपी

पुलिस के मुताबिक आरपीएफ जवानों की हत्या में जाहिद उर्फ सोनू मुख्य आरोपी था। उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह बेहद क्रूर स्वभाव का था। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि जाहिद ने ही 20 अगस्त की रात दोनों आरपीएफ जवानों को सबसे अधिक पीटा था। आलम यह था कि आरपीएफ जवान जावेद खान बेहोश हो गए। इसके बाद भी वह उन्हें बेल्ट से पीटता रहा। बाद में उसने दोनों जवानों को ट्रेन से नीचे फेंक दिया जिससे उनकी मौत हो गई।

### कसाई से बन गया था शराब तस्कर

पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ चार मामले हैं। मार्च में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फुलवरिया शरीफ (पटना) के निखिल कुमार और उसके परिजनों को बुरी तरह पीटा था। इसमें उसे जेल हुई थी। वर्ष 2020 में वह शराब तस्करी में जेल गया था। मामला दानापुर जीआरपी में दर्ज है। कसाई से बन गया था शराब तस्कर फुलवरिया शरीफ (पटना) में मंसूरवाली पेढ़िया बाजार निवासी जाहिद उर्फ सोनू कसाई था। पैसे कमाने की लालच में उसने शराब तस्करी शुरू कर दी।

### कुशीनगर जाली नोट प्रकरण

# कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू से भी होगी पूछताछ



**एजेंसी । कुशीनगर**

कुशीनगर जाली नोट प्रकरण में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू से भी कुशीनगर पुलिस पूछताछ करेगी। कुशीनगर पुलिस की जाली नोट कार्रवाई पर अजय लल्लू ने लगातार सवाल उठाए थे। अजय लल्लू की फोटो भी गिरफ्तार आरोपी औरंगजेब और नौशाद के साथ सोशल मीडिया पर शेयर हो रही है।

### पुलिस भेजेगी नोटिस

बताया जा रहा है कि पुलिस की कार्रवाई के बाद अजय कुमार लल्लू के फेसबुक पेज पर कुशीनगर पुलिस की कार्रवाई को गलत बताया था। ऐसे में कुशीनगर पुलिस अब अजय लल्लू से भी मामले में पूछताछ करेगी। अजय लल्लू कांग्रेस उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष थे। पुलिस इन्हें पूछताछ के लिए नोटिस भेजेगी। जाली नोटों और अवैध असलहों के धंधे में संलिप्त सपा नेता समेत 10 बदमाशों के लिंक पुलिस विदेश तक तलाश रही है। नेपाल के अलावा बिहार, बंगाल और असम तक फैले नेटवर्क में शामिल पांच और संदिग्ध पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस की पांच टीमें जेल भेजे गए बदमाशों की संपत्ति का ब्योरा खंगाल रही है। रसूख के बल पर इलाके में धौंस जमाने वाले आरोपियों की कस्बे में चर्चा रही।

## चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार पर लगाया गंभीर आरोप

**एजेंसी । रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी नियमों और प्रोटोकॉल को दरकिनार करते हुए उनकी सुरक्षा में लगे वाहन को वापस बुला लिया है। उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए बोला कि एक पूर्व सीएम



की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पूर्व सीएम और बीजेपी नेता चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने उनकी सुरक्षा में तैनात वाहन को वापस बुला लिया है। चंपाई सोरेन ने वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन पर अपनी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगया। चंपाई ने आगे कहा कि झारखंड के लोग उनके अपने लोग है और उन्हें उनके बीच किसी भी प्रकार की सुरक्षा की जरूरत नहीं है। लेकिन इस राजनीतिक साजिश का जवाब जनता देगी।

## रेस्टोरेंट में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

**एजेंसी । भागलपुर**

भागलपुर शहर में दुष्कर्म की एक और हैरान करने वाली घटना सामने आयी है। नाबालिग के साथ रेस्टोरेंट में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रेस्टोरेंट में छापेमारी की। आरोपित फिलहाल फरार मिले। वहीं स्थानीय लोगों ने गंभीर जानकारी दी कि उक्त रेस्टोरेंट में काफी प्राइवेसी दी जाती थी। इस घटना के सामने आने के बाद अब प्रबुद्धजनों के बीच यह चर्चा छिड़ गयी है कि आखिर शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्र में चल रहे रेस्टोरेंट में अतिरिक्त प्राइवेसी क्यों दी जाती है। भागलपुर के बूढ़ानाथ बाजार स्थित एक रेस्टोरेंट सह कॉफी हाउस में नाथनगर की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना 20 सितंबर की बतायी गयी है।

## अफसरों की मिलीभगत से चकबंदी में भ्रष्टाचार

**एजेंसी । जौनपुर/आजमगढ़**

सोरांव के मकदूमपुर गांव में जौनपुर और आजमगढ़ के लोगों के नाम चक काट दिए गए। यही नहीं छोटे किसानों को बड़ा और बड़े काश्तकारों को छोटा चक आवंटित कर दिया गया है। इससे किसानों में आक्रोश है। किसान संगठन की ओर से मामले की शिकायत जिलाधिकारी रविंद्र मंदर से की गई है। इस पर डीएम ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। डीएम को दिए शिकायती पत्र में किसानों ने बताया कि अफसरों की मिलीभगत से चकबंदी में बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है। इसमें बाहरी लोगों को मकदूमपुर गांव में बड़े-बड़े चक आवंटित कर दिए गए हैं। आरोप है कि जिसके नाम पर चक काटे गए हैं, वे दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और अब जबरन जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए ग्रामीणों को लगातार धमकी दी जा रही है। इससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है और ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने डीएम से जांच और कार्रवाई की गुहार लगाई।

# गढ़वा, लातेहार समेत पांच जिलों में होगी बारिश

**एजेंसी । रांची**

झारखंड में अभी बारिश के आसार हैं। एक अक्टूबर तक राज्य में बारिश हो सकती है। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है। भारी बारिश भी हो सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी रांची में आज सुबह से ही रिमझिम बारिश हो रही थी। दोपहर तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग, गुमला और सरायकेला खरसावां जिले में कुछ ही घंटे में गरज के साथ बारिश हो सकती है। 26 सितंबर को पलामू प्रमंडल समेत अन्य जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

### वज्रपात का अलर्ट, 26 सितंबर को भारी बारिश



### गरज के साथ हो सकती है बारिश

झारखंड की राजधानी रांची में सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला-बदला सा है। आज सुबह से रुक-रुक कर बारिश होती रही। दोपहर बाद तक ये सिलसिला जारी रहा। झारखंड के गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग, गुमला और सरायकेला खरसावां जिले के कुछ भागों में अगले दो से तीन घंटे में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

### भारी बारिश की चेतावनी

झारखंड के उत्तर-पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है। पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा, देवघर, दुमका, धनबाद समेत अन्य जिलों में 26 अगस्त को भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### वज्रपात का येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि झारखंड में 25 सितंबर से लेकर 27 सितंबर तक वज्रपात हो सकता है। रांची समेत लगभग सभी जिलों में वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है।




# सेंसेक्स ने 85,236 और निफ्टी ने 26,032 का बनाया हाई

**एजेंसी । मुंबई**

शेयर बाजार ने 25 सितंबर को लगातार छठे दिन ऑल टाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 85,247 और निफ्टी ने 26,032 का स्तर छुआ। इसके बाद सेंसेक्स 255 अंक की तेजी के साथ 85,169 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 63 अंक की तेजी रही, ये 26,004 के स्तर पर बंद हुआ। ऑटो, IT, एनर्जी और बैंकिंग शेयर्स में तेजी देखने को मिली है। पावरग्रिड का शेयर आज 14.15 रुपए (4.04%) चढ़कर 364.20 रुपए पर बंद हुआ। ये निफ्टी 50 का टॉप गेनर रहा।



- बाजार 255 अंक चढ़कर 85,169 पर बंद
- IT और एनर्जी शेयर्स में रही तेजी

### एशियाई बाजारों में तेजी

ज्यादातर एशियाई बाजार में आज तेजी है। चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 1.16% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.68% की तेजी रही। वहीं कोरिया का कोस्पी 1.34% गिरकर बंद हुआ। 24 सितंबर को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 0.20% बढ़कर 42,208 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डैक 0.56% चढ़कर 18,074 और S&P 500 0.25% चढ़कर 5,732 पर बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 24 सितंबर को 2,784.14 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 3,868.31 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## केंद्र ने एमसीए-21 मंच से संबंधित शिकायतों के लिए गठित किया विशेष दल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने एमसीए-21 मंच से संबंधित हितधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक विशेष दल का गठन किया है। इसका उद्देश्य इस मंच के इस्तेमाल में आने वाली समस्याओं का समाधान करना है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि एमसीए-21 मंच



कंपनियों और सीमित देयता भागीदारी कानूनों के तहत विभिन्न 'फाइलिंग' प्रस्तुत करने का एक प्रमुख मंच है। इस मंच का इस्तेमाल करने में हितधारकों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसके मद्देनजर एक विशेष दल का गठन किया गया है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कारोबार को आसान बनाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिनमें कंपनियों और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) के निगमन और निकास की आसान और त्वरित प्रक्रिया, विलय की त्वरित स्वीकृति आदि शामिल हैं।

## आईपीओ के लिए स्विगी को सेबी की मंजूरी

**एजेंसी । मुंबई**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी को IPO लाने के लिए सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। स्विगी ने अप्रैल में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) के लिए SEBI को ड्राफ्ट पेपर सौंपे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी यह IPO इसी साल नवंबर में लॉन्च कर सकती है। स्विगी इसके जरिए 1.25 लाख करोड़ रुपए के वैल्युएशन पर 11 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाने का प्लान कर रही है। इसमें 5000 करोड़ रुपए के फ्रेश शेयर होंगे। इससे पहले स्विगी ने अपने IPO के जरिए करीब 1.25 बिलियन डॉलर (करीब 10 हजार करोड़ रुपए) जुटाने का टारगेट रखा था। इसमें से करीब 3,750 करोड़ रुपए को नए शेयरों की बिक्री से और 6,664 करोड़ रुपए को ऑफर-फॉर-सेल (OFS) के जरिए जुटाना था।




### वित्त वर्ष 2024 में स्विगी का रेवेन्यू 36% बढ़ा

इस बीच स्विगी की फाइनेंशियल कंडीशन में भी सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 2024 में स्विगी का रेवेन्यू 36% बढ़कर 11,247 करोड़ रुपए रहा, जो इसके पिछले वित्त वर्ष में 8,265 करोड़ रुपए था। वहीं कंपनी ने इस दौरान अपने घाटे को भी 44% तक कम कर लिया और वित्त वर्ष 2024 में यह 2,350 करोड़ रुपए रहा, जो इसके पिछले साल 4,179 करोड़ रुपए था। कंपनी को अपनी लागत को काबू में रखने के चलते घाटा कम करने में मदद मिली है।

### जोमैटो और ब्लिंकिट को टक्कर देना चाहती है स्विगी

स्विगी के इस कदम का मकसद साफ है कि वह जोमैटो और ब्लिंकिट को टक्कर देना चाहती है। अप्रैल में जब स्विगी ने अपने ड्राफ्ट IPO पेपर्स दाखिल किए थे, तब से अब तक जोमैटो और ब्लिंकिट दोनों ने अपनी प्रॉफिटेबिलिटी में इजाफा किया है। इसके अलावा जेप्टो जैसी नई कंपनियों ने भी पिछले दो महीने में 1 बिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाकर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इतना ही नहीं वॉलमार्ट ने भी फ्लिपकार्ट मिनट्स के जरिए क्विक कॉमर्स सेगमेंट में एंट्री करके कॉम्पिटीशन को और भी तेज कर दिया है।

# अगले महीने आ सकता है हुंडई मोटर्स इंडिया का आईपीओ

**एजेंसी । मुंबई**

मार्केट रेगुलेटर सेबी से मंजूरी मिलने का बाद हुंडई मोटर्स इंडिया इंडियन मार्केट में अब तक का सबसे बड़ा इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO लाने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी अगले महीने अक्टूबर में IPO ला सकती है। हुंडई ने IPO लाने के लिए जून 2024 में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) फाइल किए थे। कंपनी IPO के जरिए करीब 25,000 करोड़ रुपए जुटाने पर विचार कर रही है, जिसके लिए कंपनी एक भी नए शेयर इश्यू नहीं करेगी। कंपनी के मौजूदा निवेशक और प्रमोटर ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए अपने शेयर बेचेंगे।




### भारत में किसी ऑटोमेकर कंपनी का 20 साल में पहला IPO

यह IPO भारत में किसी ऑटोमेकर कंपनी का 20 सालों में पहला इनिशियल पब्लिक ऑफर होगा। इससे पहले मारुति सुजुकी का 2003 में IPO आया था। मारुति सुजुकी इंडिया के बाद हुंडई देश की दूसरी सबसे बड़ी कारमेकर कंपनी है।

### LIC के बाद देश में अब तक का सबसे बड़ा IPO होगा

हुंडई इंडिया का IPO करीब 25 हजार करोड़ रुपए का होगा। ऐसा हुआ तो ये देश में अब तक का सबसे बड़ा IPO होगा। 2022 में सरकार ने LIC में अपनी 3.5% हिस्सेदारी बेची थी। इसके लिए करीब 21 हजार करोड़ रुपए का IPO लाया गया था।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन से की मुलाकात

**एजेंसी । समरकंद/नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं सालाना बैठक से पहले एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन से मुलाकात की। वित्त मंत्री ने लिकुन को एआईआईबी का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने तथा नौ वर्षों की छोटी अवधि में ऋण परिचालन में तीव्र वृद्धि के लिए बधाई भी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन को सुझाव दिया कि बैंक को अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण को मजबूत करना जारी रखना चाहिए तथा सदस्य देशों, विशेष रूप से कम आय वाले देशों को तकनीकी सहायता तथा अन्य गैर-वित्तीय सेवाओं के माध्यम से वित्तीय संसाधन प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करनी चाहिए। उधर, एआईआईबी के अध्यक्ष ने भारत को दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक तथा सबसे बड़ा ग्राहक होने के नाते बैंक प्रशासन तथा समग्र विकास में भारत के योगदान की सराहना की तथा भारत के साथ संबंधों को और मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने की इच्छा व्यक्त की।

# आईसीसी रैंकिंग: पंत टेस्ट रैंकिंग में फिर शीर्ष 10 में शामिल

**एजेंसी । दुबई**

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान के साथ प्रवेश किया है। युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल भी एक स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शतक जड़ने वाले पंत के 731 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटना का शिकार होने के दो साल बाद पहला पहला टेस्ट खेला है। यशस्वी के 751 रेटिंग अंक हैं।



### कोहली शीर्ष दस से बाहर



विराट कोहली शीर्ष दस से बाहर हो गए हैं। वह पांच स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर खिसक गए हैं। एक अन्य भारतीय शतकवीर शुभमान गिल पांच स्थान ऊपर 14वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष और न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन दूसरे स्थान पर हैं।



### रोहित को भी नुकसान

पहले टेस्ट की दोनों पारियों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंचने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ है। वह शीर्ष पांच से बाहर होकर दसवें स्थान पर खिसक गए हैं।

### अश्विन-बुमराह का शीर्ष दो में कब्जा कायम

गेंदबाजी रैंकिंग में आर अश्विन ने पहले और जसप्रीत बुमराह ने दूसरे स्थान पर अपना कब्जा कायम रखा है। जडेजा भी एक स्थान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड तीसरे और पैट कमिंस क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। ऑलराउंडर में भी जडेजा पहले और अश्विन दूसरे स्थान पर कायम हैं।

## अजरबैजान में खिताब बचाने नहीं उतरेंगे विदित गुजराती

**एजेंसी । नई दिल्ली**



शतरंज ओलंपियाड में भारत को पहली बार स्वर्ण पदक दिलाने वाले खिलाड़ियों में शामिल विदित गुजराती अजरबैजान में वुगार गाशिमोव स्मृति टूर्नामेंट में खिताब बचाने नहीं उतरेंगे। वह गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचेंगे। गुजराती ने पिछले साल हमवतन अर्जुन एरिगेसी को पछाड़कर अजरबैजान में खिताब जीता था। बाकू में 30 सितंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में अरविंद चिदंबरम अब 29 वर्षीय गुजराती की जगह लेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए स्वदेश लौटने का फैसला

गुजराती ने 'एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सूचित किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए स्वदेश लौटने का फैसला किया है। गुजराती ने लिखा, मैं बाकू पहुंच गया था। मुझे पता चला कि माननीय प्रधानमंत्री भारतीय टीम को सम्मानित करना चाहते हैं। जब मैंने यह सुना तो बहुत खुश हुआ और मैं इसका हिस्सा बनना चाहता था। मैंने सरखान गाशिमोव (आयोजक) से संपर्क किया और उन्होंने मेरी भावनाओं को समझा। उनका बहुत-बहुत धन्यवाद। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के लिए अरविंद को शुभकामनाएं। यह आश्चर्यजनक है कि इतनी जल्दी प्रधानमंत्री हमारे लिए समय निकाल रहे हैं।

## हमने अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं किया : चंडिका

**एजेंसी । कानपुर**



बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने बुधवार को कहा कि उनके खिलाड़ियों ने पहले टेस्ट में अपनी प्रतिभा और क्षमता के साथ न्याय नहीं किया। साथ ही उम्मीद जताई कि शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, हम इसको लेकर थोड़े चिंतित हैं क्योंकि जब भी हम इसको लेकर बात करते हैं तो यही कहते हैं कि अगर आपको अच्छी शुरुआत मिलती है तो उसे बड़े स्कोर में बदलो। हमारे कुछ खिलाड़ियों ने क्रीज पर पर्याप्त समय बिताया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए।

### शाकिब चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे

चंडिका ने शुरुआती टेस्ट में शाकिब अल हसन को लगी चोट के कारण उनकी फिटनेस संबंधित चिंताओं को दरकिनार करते हुए कहा कि वह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, फिलहाल मैंने अपने फिजियो या किसी से भी बात नहीं की है। लेकिन फिर भी वह चयन के लिए उपलब्ध है। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं उनके प्रदर्शन से चिंतित नहीं हूं।

# कोहली-पंत पांच साल बाद रणजी संभावितों में

## 84 संभावित खिलाड़ी घोषित किए दिल्ली ने आगामी रणजी सत्र के लिए

**नंबर गेम**


- 12 साल पहले कोहली ने दिल्ली के लिए आखिरी रणजी मैच 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था
- 7 साल पहले पंत ने विदर्भ के खिलाफ रणजी फाइनल खेला था। इसमें पंत की टीम को 9 विकेट से हार मिली थी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को पांच साल बाद दिल्ली रणजी टीम के संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। इन दोनों को बुधवार को दिल्ली के 84 संभावितों में जगह दी गई है। हालांकि इन दोनों के पूरे सत्र के दौरान दिल्ली के लिए लाल गेंद के किसी भी मैच के लिए उपलब्ध रहने की संभावना नहीं है। कोहली और पंत को इससे पहले 2019 में टीम में शामिल किया गया था। अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को हालांकि इस सूची में जगह नहीं मिली है। देश के सबसे तेज गेंदबाज मयंक यादव और भारतीय टीम में जगह बनाने के एक अन्य दावेदार हर्षित राणा संभावित खिलाड़ियों में शामिल हैं। सौ टेस्ट खेलने वाले 35 वर्षीय इशांत के मामले में यह समझा जाता है कि उनके रणजी खेलने का कोई मतलब नहीं है। अब वह राष्ट्रीय टीम की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। इशांत पहली दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में भी नहीं खेले थे। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट के लिए खुद को उपलब्ध कराते हैं या नहीं। यह टूर्नामेंट आईपीएल नीलामी से ठीक पहले होगा।

### मयंक पर रहेगी निगाह



डीडीसीए के एक अधिकारी ने कहा, यह एक प्रोटोकॉल है। वे हमारे पंजीकृत खिलाड़ी हैं। अगर वे खेलना चाहते हैं तो उनका नाम संभावित खिलाड़ियों की सूची में डालना हमारी जिम्मेदारी है। सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन ने भी संभावित खिलाड़ियो की सूची में जगह बनाई है। हालांकि सभी की निगाह मयंक पर होंगी जिन्होंने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर होने से पहले आईपीएल में 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करके सभी का ध्यान खींचा था। मयंक के पास अब बीसीसीआई का तेज गेंदबाजों का अनुबंध है और वह पिछले पांच महीनों से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। वह अब सिमुलेशन में प्रतिदिन कम से कम 15 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह दिल्ली के लिए खेलेंगे क्योंकि राष्ट्रीय चयनकर्ता ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत ए टीम का चयन करेंगे। अगर वह फिट हैं तो वह उस टीम में जगह बनाने के दावेदार होंगे।

**मुंबई के मैदानों से**

## शोएब खान की घातक गेंदबाजी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई। शोएब खान ने 17.4 ओवर में 36 रन खर्च करके दस विकेट झटके जिसके दम पर गौड सारस्वत क्रिकेट क्लब ने डा. एच डी कांगा लीग ई डिवीजन के मुकाबले में जॉली क्रिकेटर्स की टीम को पहली पारी में मात्र 67 रनों पर रोक दिया और छह विकेट के नुकसान पर 69 रन बनाते हुए पहली की बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की। इसके अलावा लॉर्ड नॉर्थ बुक क्रिकेट क्लब ने रिज़वी क्रिकेट क्लब को, राजस्थान क्रिकेट क्लब ने पारसी सॉयक्लिस्ट स्पोर्ट्स क्लब को और बोहरा क्रिकेटर्स ने न्यू अमृत क्रिकेट क्लब को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराया।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए नोमान पाक टीम में



**एजेंसी । कराची**

पाकिस्तान ने 7 अक्तूबर से मुल्तान में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच के लिए 15 सदस्यीय टीम में बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली को शामिल किया है। 37 वर्षीय नोमान चोटिल तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद की जगह लेंगे। अली ने 15 टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए हैं। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ 70 रन देकर सात विकेट है।

### पहले टेस्ट के लिए पाक टीम

**शान मसूद (कप्तान)**, सऊद शकील (उपकप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, मीर हमजा, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, नोमान अली, सैम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद और शाहीन शाह अफरीदी।

## 'भूल भुलैया 3' का नया पोस्टर जारी

कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 2007 में आई फिल्म 'भूल भुलैया' की तीसरी किस्त है। इस फिल्म में कार्तिक की जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसी दिग्गज अभिनेत्रियां भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाती हुई नजर आएंगी। अब 'भूल भुलैया 3' का नया पोस्टर सामने आ गया है।



### कब रिलीज होगी फिल्म?

टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'दरवाजा खुलेगा, इस दिवाली।' एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूल भुलैया 3' का टीजर 27 सितंबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म के टीजर को सेंसर बोर्ड ने U/A सर्टिफिकेट दे दिया है। यह टीजर 1 मिनट 32 सेंकड लंबा होगा। 'भूल भुलैया 3' इस साल दीवाली के खास मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।



## 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' से शानदार वापसी करेंगी मल्लिका शेरावत

अभिनेत्री मल्लिका शेरावत पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनके साथ इस फिल्म में तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव भी नजर आएंगे। मल्लिका इस फिल्म के जरिए लंबे अंतराल के बाद पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। 'ख्वाहिश', 'मर्डर', 'प्यार के साइड इफेक्ट्स' और 'वेलकम' जैसी फिल्मों नजर आ चुकीं मल्लिका का 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में बेहद अलग अवतार दिखने वाला है।

### मल्लिका को लगा हम उन्हें डांस नंबर ऑफर कर रहे हैं- राज शांडिल्य

एक इंटरव्यू में 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के निर्देशक राज शांडिल्य ने बताया कि मल्लिका फिल्म का हिस्सा कैसे बनीं। शांडिल्य ने कहा, 'मैंने मल्लिका को ध्यान में रखकर यह भूमिका लिखी थी। फिल्म 90 के दशक पर आधारित है और उनका किरदार एक मध्यम वर्गीय आधुनिक महिला का है। जब हमने मल्लिका से संपर्क किया तो उन्होंने सोचा कि हम उन्हें एक डांस नंबर ऑफर कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं था।'

## उर्मिला मातोंडकर ले रहीं पति से तलाक




अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि वह अपने पति मोहसिन अख्तर मीर से अलग हो रही हैं। दोनों के बीच पिछले काफी समय से कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है, इसलिए उन्होंने अपने-अपने रास्ते अलग करने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उर्मिला ने बांद्रा के फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी डाल दी है। दोनों आपसी सहमति से एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं।

### पिछले साल उर्मिला ने पति के साथ डाली थी अपनी तस्वीर

टाइम्स ऑफ इंडिया की मानें तो 50 वर्षीय अभिनेत्री ने काफी सोच-विचार के बाद यह फैसला लिया है। मुंबई की एक अदालत के एक सूत्र ने बताया कि अलगाव की वजह अभी सामने नहीं आई है। इंस्टाग्राम पर उर्मिला कुल 150 लोगों को फॉलो करती हैं। हालांकि, मोहसिन उनमें से एक नहीं हैं। उर्मिला ने मोहसिन के साथ अपनी आखिरी तस्वीर पिछले साल जून में ईद पर इंस्टाग्राम पर अपलोड की थी।

## 'CTRL' का ट्रेलर जारी



अनन्या पांडे को पिछली बार सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव के साथ फिल्म 'खो गए हम कहां' में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म 26 दिसंबर, 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब अनन्या फिल्म 'CTRL' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी, जिसके निर्देशन की कमान विक्रमादित्य मोटवानी ने संभाली है।

अब निर्माताओं ने साइबर थ्रिलर फिल्म 'CTRL' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक पसंद कर रहे हैं। 'CTRL' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि OTT पर रिलीज होगी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर 4 अक्टूबर, 2024 से होने वाला है। अनन्या के साथ फिल्म में अभिनेता विहान सामत भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह दूसरा मौका है, जब अनन्या और विहान साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों वेब सीरीज 'कॉल मी बे' में नजर आ चुके हैं, जिसे आप OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## अदा शर्मा की नई वेब सीरीज 'रीता सान्याल' का ऐलान

अदा शर्मा को पिछली बार सुनील ग्रोवर की वेब सीरीज 'सनफ्लावर' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की तारीफ हुई। यह सीरीज ZEE5 पर उपलब्ध है। अब अदा ने अपनी नई वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'रीता सान्याल' है। इस सीरीज में अदा पहली बार वकील की भूमिका में नजर आने वाली हैं। 'रीता सान्याल' की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। आइए जानते हैं आप यह सीरीज कब और कहां देख पाएंगे।


### पहला मोशन पोस्टर आया सामने

'रीता सान्याल' का प्रीमियर OTT प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने वाला है। इस सीरीज को आप 14 अक्टूबर, 2024 से देख सकते हैं। अदा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला मोशन पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'कानून की दुनिया में तहलका मचाने आ रही है रीता सान्याल।' सीरीज से अदा की पहली झलक भी सामने आ गई है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।



## 'द केरल स्टोरी' का आएगा सीक्वल

अभिनेत्री अदा शर्मा की फिल्म 'द केरल स्टोरी' को 5 मई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और यह पिछले साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। इसके निर्देशन की कमान सुदीप्तो सेन ने संभाली है। 15 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'द केरल स्टोरी' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 242.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब निर्देशक सुदीप्तो ने 'द केरल स्टोरी' के सीक्वल पर मुहर लगा दी है।




### लिखी जा रही कहानी

हाल ही में एक इंटरव्यू में सुदीप्तो ने कहा, 'फिल्म 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल बन रहा है। फिल्म की कहानी लिखी जा रही है।' इसके साथ उन्होंने बताया कि 'द केरल स्टोरी 2' की कहानी हेमा कमेटी पर आधारित नहीं होगी। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि यह जानकारी कहां से सामने आई, लेकिन यह सच नहीं है। रिपोर्ट देखने के बाद मैं और विपुल शाह (फिल्म के निर्माता) हंस पड़े थे।'

दोपहर



# जम्मू-कश्मीर चुनाव: दूसरे चरण की वोटिंग खत्म

## 54% से अधिक हुआ मतदान, EVM में कैद हुई 239 उम्मीदवारों की किस्मत

**एजेंसी | श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज 25 सितंबर को राज्य के छह जिलों की 26 सीटों पर मतदान खत्म हो चुका है। दूसरे चरण में कश्मीर घाटी की 15 सीटें और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) के जम्मू संभाग की 11 सीटें शामिल हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ और शाम 6 बजे खत्म हुआ। चुनाव आयोग ने कहा कि 26 सीटों पर पहले 8 घंटों में शाम 5 बजे तक 54 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिलों में, जम्मू के रियासी में 71.81 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि पुंछ में दोपहर 3 बजे तक 71.59 प्रतिशत मतदान हुआ।



### श्रीनगर में सबसे कम वोटिंग

चुनाव आयोग ने कहा कि शाम 5 बजे तक 27 .31 प्रतिशत मतदान के साथ श्रीनगर में अब तक जिलों में सबसे कम मतदान हुआ है। श्रीनगर के हब्बाकदल में अब तक सिर्फ 11 .1 प्रतिशत मतदान हुआ है। भारत के चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट मोबाइल ऐप के अनुसार, पुराने श्रीनगर शहर के डाउनटाउन इलाके को कवर करने वाली खानयार सीट पर भी दोपहर 1 बजे तक लगभग 16 .07 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### कश्मीर संभाग की 15 और जम्मू संभाग की 11 सीटों पर मतदान

कश्मीर संभाग की 15 सीटों पर मतदान हुआ जिनमें कंगन, गंदेरबल, हजरतबल, खानयार, हब्बाकदल, लाल चौक, चन्नपोरा, जदीबल, ईदगाह, सेंट्रल शाल्टेंग, बडगाम, बीरवाह, खानसाहिब, चरार-ए-शरीफ और चदूरा शामिल हैं। जम्मू संभाग की जिन 11 सीटों पर मतदान हुआ उनमें गुलाबगढ़, रियासी, श्री माता वैष्णो देवी, कालाकोट-सुंदरबनी, नौशेरा, राजौरी, बुद्धल, थन्नामंडी, सुरनकोट, पुंछ हवेली और मेंढर शामिल हैं।

### कश्मीरी विस्थापितों ने दिल्ली में किया मतदान

दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले कश्मीरी विस्थापितों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर दिल्ली में बने मतदान केंद्रों पर मतदान किया। दिल्ली के चार अलग-अलग इलाकों में मतदान केंद्र बनाए गए थे। इसमें जम्मू-कश्मीर हाउस, दिलशाद गार्डन, नजफगढ़ और शालीमार बाग इलाके में मतदान केंद्र बने थे। ज्यादातर मतदाताओं ने कश्मीर में पुनर्वास के मुद्दे पर मतदान किया। मतदान के लिए केंद्रों पर लोग परिवार संग पहुंचे। कुछ बिना मतदान के भी वापस निराश लौटते दिखे। फरीदाबाद से दिल्ली में मतदान के लिए आए नवनीत सोपोरी ने बताया कि परिवार के चार सदस्यों ने विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान किया है। अपनी मातृ भूमि में वापसी के विषय पर मतदान किया है।

### राहुल गांधी बोले : जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए सड़कों पर उतरेंगे

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोपोर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम चाहते थे कि चुनाव से पहले राज्य का दर्जा बहाल हो जाए। जम्मू-कश्मीर के सभी लोग चाहते थे कि राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद चुनाव हों, ऐसा नहीं हुआ, पहला कदम चुनाव है। लेकिन इसके बाद जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना होगा। इसके लिए इंडिया अलायंस संसद में पीएम मोदी पर दबाव बनाएगा। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो हम केंद्र में इंडिया अलायंस की सरकार बनते ही आपका राज्य का दर्जा बहाल कर देंगे। अगर हम चाहते हैं कि यह सेब अमेरिका और जापान तक पहुंचे तो राज्य का दर्जा बहाल करना होगा।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जजों को हिदायत दी कि वे किसी समुदाय पर कमेंट करते वक्त लापरवाही ना बरतें। CJI डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच कर्नाटक हाईकोर्ट के जज के विवादित कमेंट का मामला सुन रही थी। जिसमें जज ने बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान कह दिया था। CJI ने कहा कि आप देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते हैं। यह देश की एकता के मौलिक सिद्धांत के खिलाफ है। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशनंदा के इस कमेंट का वीडियो वायरल हो गया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले की सुनवाई शुरू की। वीडियो के वायरल होने के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने बिना परमिशन के कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि कोर्ट की प्रक्रिया में अधिकतम पारदर्शिता लाने के लिए उसे ज्यादा से ज्यादा प्रकाश में लाने की जरूरत है।

### चीन ने किया अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण

**बीजिंग।** चीन ने प्रशांत महासागर में बुधवार को एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का परीक्षण किया है। बताया गया कि यह मिसाइल अमेरिका की मुख्य भूमि तक पहुंच सकती है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि मिसाइल पर डमी वारहेड लगाया गया था और उसे समुद्र के एक लक्षित क्षेत्र में गिराया गया। इस प्रक्षेपण से हथियारों के प्रदर्शन और सैन्य प्रशिक्षण की प्रभावशीलता की जांच की गई।

### अमानतुल्लाह के आवेदन पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट आप विधायक अमानतुल्लाह खान के दो आवेदनों पर गुरुवार को विचार करेगा। अमानतुल्लाह खान दिल्ली वक्फ बोर्ड में अनियमितता मामले से जुड़े धन शोधन मामले में जेल में है। खान ने जेल में रहने के दौरान इलेक्ट्रिक केतली और ग्लूकोज मीटर की मांग की है। अदालत ने सोमवार को हुई सुनवाई मे तिहाड़ जेल प्रशासन से उनकी मेडिकल रिपोर्ट तलब की थी।

# साइबर ठगों पर मंत्रालय का बड़ा एक्शन

## 3.5 लाख फोन नंबर काटे गए

**एजेंसी | नई दिल्ली**

फोन और इंटरनेट के जरिए होने वाली ठगी को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। दूरसंचार मंत्रालय अपने स्तर पर भी कार्रवाई कर रही है। साथ ही, संचार साथी पोर्टल के माध्यम से लोगों द्वारा की जा रही शिकायतों को दर्ज कार्रवाई किया जा रहा है। सितंबर में 15 तारीख तक देशभर में करीब साढ़े तीन लाख नंबर डिस्कनेक्ट किया गया है। करीब साढ़े तीन लाख गलत हैडर्स यानी एसएमएस को ब्लॉक किया गया है। साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 2.37 लाख मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया गया है। इन नंबरों का इस्तेमाल लगातार लोगों को ठगी के जाल में फसाने के लिए किया जा रहा था।

- साइबर ठगी में इस्तेमाल हो रहे 2.37 लाख मोबाइल हैंडसैट को ब्लॉक किया गया
- गृह मंत्रालय की साइबर विंग ने 65 हजार साइबर फ्रॉड करने वाले URLs को भी ब्लॉक किया।



### देशभर में 106912 नंबरों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त

हाल ही में पार्टल के माध्यम से देशभर में 106912 नंबरों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें 90769 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की गई है। सबसे ज्यादा शिकायतें आंध्र प्रदेश सर्किल से प्राप्त हुई है। उसके बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश सर्किल का नंबर आता है। यह वो शिकायतें है, जो लोगों को संदिग्ध संदेश के तौर पर की गई।

### संदिग्ध श्रेणी में आने वाली कॉल

संदिग्ध धोखाधड़ी के तौर पर की जाने वाली कॉल में फोन कॉल, एसएमएस या फिर व्हाट्सएप मैसेज के जरिए किसी व्यक्ति से बैंक खाते, भुगतान वॉलेट, सिम सत्यापन के लिए केवाईसी, गैस व बिजली कनेक्शन, केवाईसी अपडेट, ऑफर समाप्त होने व कनेक्शन काटे जाने की धमकी दी जाती है। या फिर सरकारी अधिकारी, रिश्तेदार बनकर कॉल की जाती है।

### शिकायतों के आधार पर प्रमुख सर्किल वार की गई कार्रवाई

| | |
|---|---|
| आंद्र प्रदेश | 13387 |
| पूर्वी यूपी | 10374 |
| पश्चिमी यूपी | 7791 |
| कोलकाता | 6038 |
| कर्नाटक | 4733 |
| बिहार | 2351 |
| दिल्ली | 2791 |
| व्हाट्सऐप ब्लॉक | 6164 |

### शिकायतें मिली (जनवरी से 15 सितंबर तक)

| | |
|---|---|
| 6000 | डिजिटल अरेस्ट की शिकायतें |
| 20,043 | ट्रेडिंग स्कैम |
| 20,043 | इन्वेस्टमेंट स्कैम |
| 1725 | इन्वेस्टमेंट स्कैम |

**दोपहर इन्फो**

**अनचाही कॉल आने पर आप भी दर्ज कराए शिकायत**

अगर आपको भी अनचाही संदिग्ध कॉल, एसएमएस या व्हाट्सऐप प्राप्त हो रहे हैं तो आप भी https://sancharsaathi.gov.in पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें आपको विस्तृत ब्यौरा देना होगा। जैसे किस नंबर से कब कॉल आई। क्या जानकारी आपसे मांगी गई या आपको दी गई। भेजे गए एलएमएस और व्हाट्सऐप का स्कीन शॉर्ट भी संलग्न करें। इसके साथ ही, दूरसंचार विभाग ऐसे मामले को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से भी देखता है। इसलिए आप https://www.cybercrime.gov.in वेबसाइट पर जाकर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते हैं।

# एशियाई अमेरिकी मतदाताओं में कमला ट्रंप पर भारी




**28 प्रतिशत ट्रंप को कर सकते हैं वोट**

**एजेंसी | वाशिंगटन**

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 प्रतिशत आगे हैं। एक नये सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई है।

### शिकागो विश्वविद्यालय का सर्वे

शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया गया और मंगलवार को परिणाम जारी किए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और कमला के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। सर्वे के मुताबिक, 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।

### ट्रंप के खिलाफ नकारात्मकता बढ़ी

नए सर्वेक्षण के अनुसार, 62 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला के प्रति अनुकूल राय रखते हैं, जबकि 35 प्रतिशत की राय प्रतिकूल है। इसी तरह 28 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाताओं की ट्रंप के बारे में सकारात्मक राय है जबकि 70 प्रतिशत की नकारात्मक।

### कमला की लोकप्रियता बढ़ी

अमेरिका में इस साल अप्रैल और मई के बीच किए गए एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण (एएवीएस) में 46 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता राष्ट्रपति बाइडन का समर्थन करते हुए नजर आए थे, जबकि 31 प्रतिशत मतदाता ट्रंप के समर्थन में थे। 23 प्रतिशत मतदाता ऐसे भी थे जो किसी अन्य उम्मीदवार को मतदान करने की योजना बना रहे थे या फिर अनिर्णित थे। एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला की लोकप्रियता में 18 फीसदी की वृद्धि हुई है।

# अरविंद केजरीवाल ने RSS प्रमुख को 5 सवालों की चिट्ठी भेजी



**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत को लेटर लिखकर पांच सवाल पूछे हैं। उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिटायरमेंट तक कई मुद्दों पर सवाल पूछे। केजरीवाल ने लिखा कि वे देश के मौजूदा हालात से बहुत चिंतित हैं और भाजपा सरकार की नीतियों को देश के लिए हानिकारक मानते हैं। अगर यह स्थिति जारी रही तो देश के लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने ये लेटर आम नागरिक की हैसियत से लिखा है, न कि एक राजनीतिक पार्टी के नेता के तौर पर।

**केजरीवाल के 5 सवाल**

1. दूसरी पार्टियों के नेताओं को तोड़ने पर : देशभर में नेताओं को लालच या फिर ED-CBI की धमकी देकर दूसरी पार्टियों से तोड़ा जा रहा है और सरकारें गिराई जा रही हैं। क्या इस तरीके से चुनी हुई सरकारों को गिराना सही है? क्या RSS को यह मंजूर है?
2. भ्रष्ट नेताओं का BJP में शामिल होना : कुछ नेताओं को खुद प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने भ्रष्टाचारी कहा, लेकिन कुछ दिन बाद उन्हें BJP में शामिल कर लिया गया। क्या RSS ने ऐसी BJP की कल्पना की थी? क्या आपको यह सब देखकर कष्ट नहीं होता?
3. BJP को सही दिशा देने पर : RSS की जिम्मेदारी है कि यदि BJP गलत राह पर जाए तो उसे सही राह पर लाया जाए। क्या आपने कभी PM मोदी को गलत कामों से रोकने की कोशिश की है?
4. RSS और BJP के संबंध पर : जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा कि अब BJP को RSS की जरूरत नहीं है। इस बयान से RSS कार्यकर्ता आहत हुए थे। आप इस पर क्या सोचते हैं?
5. BJP के 75 साल के रिटायरमेंट कानून पर : 75 साल की उम्र के बाद BJP नेताओं को रिटायर करने का कानून बना था, जिसके तहत आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी जी जैसे नेताओं को रिटायर किया गया। क्या अब इस कानून का पालन हो रहा है और क्या इसे PM मोदी पर भी लागू होना चाहिए?

**मैसूर लैंड स्कैम** | **3 महीने में रिपोर्ट सौंपने का स्पेशल कोर्ट ने दिया आदेश**

# लोकायुक्त करेगा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की जांच

**एजेंसी | बेंगलुरु**

बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ MUDA (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) मामले में कर्नाटक लोकायुक्त को जांच करने का आदेश दिया है। लोकायुक्त की मैसूरु जिला पुलिस को जांच की रिपोर्ट 3 महीने में सौंपनी होगी।

### हाईकोर्ट ने कहा था - CM पर जांच बैठाना सही



इससे एक दिन पहले मंगलवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन घोटाले से जुड़े मामले में चल रही जांच को सही बताया। जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने मंगलवार को कहा- 'याचिका में जिन बातों का जिक्र है, उसकी जांच जरूरी है। केस में मुख्यमंत्री का परिवार शामिल है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।'

### सिद्धारमैया बोले- सत्य की जीत होगी

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वे जांच का सामना करने से नहीं डरते, लेकिन कानूनी सलाह लेंगे कि क्या इस मामले में इंवेस्टीकेशन हो सकती है या नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मैं कानून और संविधान में विश्वास करता हूं। अंत में सच की जीत होगी।

**क्या है पूरा मामला ? :** राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 218 के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी थी। CM ने 19 अगस्त को इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (MUDA) घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है। एक्टिविस्ट टी. जे. अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि CM ने MUDA अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल किया। सिद्धारमैया की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और प्रो. रविवर्मा कुमार पेश हुए। राज्यपाल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने अपनी दलीलें रखीं। मनिंदर सिंह, प्रभुलिंग के. नवदगी, लक्ष्मी अयंगर, रंगनाथ रेड्डी, के.जी. राघवन सहित अन्य ने शिकायतकर्ताओं की ओर से दलीलें पेश कीं।

# काम की खबर: एआई तकनीक बताएगी मुंह का कैंसर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

एम्स दिल्ली ने मुंह के कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल शुरू किया है। इसके जरिए कुछ तस्वीरों और रिपोर्ट के आधार पर बीमारी का पता लगता है। हालांकि, एम्स के दंत अस्पताल की प्रमुख डॉ. ऋतु दुग्गल ने बताया कि वैसे तो कैंसर की पुष्टि हम बायोप्सी से ही करते हैं, जो गोल्डन टेस्ट है, लेकिन एआई तकनीक स्क्रीनिंग में मददगार है। डॉ. दुग्गल ने कहा कि ओरल कैंसर का सबसे आम लक्षण एक सपाट, दर्द रहित सफेद या लाल धब्बा या एक छोटा घाव है। ज्यादातर मामले 50 से 74 साल की उम्र के वयस्कों में होते हैं। अगर आपको ऐसे लक्षण हैं, जो तीन हफ़्तों में ठीक नहीं होते हैं, खासकर अगर आप बहुत ज्यादा शराब पीते हैं या धूम्रपान करते हैं, तो अपने डॉक्टर या दंत चिकित्सक से मिलें। वैसे इस तरह का कैंसर बहुत तेजी से फैलता है, ऐसे में जरूरी यह है कि समय रहते इसका पता लगाया जा सके। मौखिक कैंसर महिलाओं की तुलना में पुरुषों को दोगुने से अधिक प्रभावित करता है।



### कम्प्यूटर बता रहा है कैसे बनेगा आपका डेंचर ?

डॉ दुग्गल ने कहा कि आम तौर पर दांतों का डेन्चर बनाने के लिए अभी तक पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल करते आए हैं। अब एम्स में इसके लिए कम्प्यूटर आधारित तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। इसमें मरीज की थ्री डी मैपिंग की जाती है। फिर डेंचर बनाया जाता है। इस तरह से तकनीक के इस्तेमाल से मरीजों के इलाज में काफी सुविधा मिली है।